दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। शनिवार 10 अगस्त -2024 | वर्ष : 8 अंक : 302 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## मनीष सिसोदिया जेल से हुए रिहा, 17 महीनों से जेल में थे बंद



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग व भ्रष्टाचार मामले में जमानत मिलने के बाद अब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की रिहाई की चर्चा तेज हो गई है। सिसोदिया जेल से रिहा हो गए हैं। कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देते रखी ये शर्तें सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा कि वो समाज के एक सम्मानित व्यक्ति हैं। इसलिए उनके भागने की आशंका कतई नहीं है। अदालत ने आगे कहा कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो सबूत अब तक मिले थे। 2 लाख रुपये के मुचलके पर कोर्ट ने दी जमानत वो जुटाए भी जा चुके हैं, इसलिए अब कोई गड़बड़ी की संभावना दिखाई नहीं देती, लेकिन बावजूद कुछ शर्तें लगानी पड़ेंगी। कोर्ट ने 2 लाख के मुचकले पर आप के नेता को जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि मनीष को जमानत के लिए अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा।






# सीएम योगी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का किया शुभारंभ, स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों व शहीदों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है।

उत्तर प्रदेश की वीर भूमि काकोरी में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्व के अंतर्गत वीरों के नमन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम का उद्घाटन करने हुए डाक अनावरण व संस्कृत विभाग द्वारा निर्मित पुस्तिका का विमोचन किया और बच्चों के साथ काकोरी शहीद मंदिर के बाहर सेल्फी भी ली। सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा कि अब भारत का समय आ गया है, दुनिया की कोई शक्ति हमें महाशक्ति बनने से रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जो पंच प्रण दिलाए गए हैं, उनको देश के हर नागरिक को आत्मसात करना होगा। यही हमारे अमर बलिदानियों और शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अगर हम इन प्रण को आत्मसात करके अपने कार्यों को पूरा करते हैं तो कोई कारण नहीं है कि हमारा देश विश्वगुरु और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति न बने।

### प्रदेश में साढ़े चार करोड़ घरों पर फहराएगा तिरंगा

सीएम योगी ने कहा कि 1942 में 9 अगस्त यानी आज ही के दिन महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज किया था। आज हर शहीद स्माकर पर राष्ट्र धुन के साथ विभिन्न बैंड की धुन बजेगी। हर घर तिरंगा अभियान चलेगा जिसमें हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। उत्तर प्रदेश में साढ़े चार करोड़ तिरंगा हर घर फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज नाग पंचमी भी है। नाग कुंडलिनी शक्ति का द्योतक है। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सदस्य विधान परिषद लालजी प्रसाद निर्मल, अंबरीश कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, लखनऊ पूर्व के विधायक ओपी श्रीवास्तव, बख्शी का तालाब के विधायक योगेश शुक्ल, मलिहाबाद की विधायक जया देवी कौशल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, विभिन्न अधिकारी, नेता, अधिकारी व शहीदों के परिजन उपस्थित रहे।

### तत्कालीन सरकार की कायरता का प्रमाण था काकोरी ट्रेन एक्शन

सीएम योगी ने काकोरी ट्रेन एक्शन को याद करते हुए कहा कि देश से बाहर जा रहे राजस्व को देश सेवा में प्रयुक्त करने की मंशा से जो कार्य पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह जैसे वीर सपूतों ने किया था उसने न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरीं थी। प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों के जरिए यह मां भारती के वीर सपूतों, उन महान क्रांतिकारियों को जिन्होंने सर्वस्व बलिदान किया था, उन सभी ज्ञात-अज्ञात सेनानियों व शहीदों को नमन करने का अवसर है। घटना में बिना सुनवाई के ही वीरों को फांसी की सजा सुना दी गई थी और नियत दिन से एक दिन पहले ही फांसी दे कर उस समय की हुकूमत ने कायरता दिखाई थी। सीएम योगी ने कहा कि एक्शन में शामिल कुछ वीर सपूतों को फांसी हुई, जबकि कुछ को कालापानी की सजा हुई। इन सभी को अंग्रेजों ने तमाम प्रलोभन दिए मगर इनका एक ही जवाब था, 'जीवन पुष्प चढा चरणों पर, मांगे मातृभूमि से यह वर। तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें।' इसी संकल्प के साथ खुद को बलिदान करना स्वीकार किया मगर हार नहीं मानी। आज आजादी इन्हीं शहीदों के बलिदान का परिणाम है।

# पत्रकार अनुज चौधरी की सुरक्षा के लिए मीडियाकर्मियों ने डीएम को सौपा ज्ञापन

### सुरक्षा प्रदान किए जाने की उठाई आवाज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को गाजियाबाद के मीडियाकर्मियों द्वारा जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से मुलाकात कर उनसे पत्रकार अनुज चौधरी को सुरक्षा मुहैया कराई जाने की मांग की गई। साथ ही बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी गाजियाबाद के वरिष्ठ पत्रकार अनुज चौधरी ने पत्र लिख था। जिसमें अपनी जान का खतरा बताया गया था। वहीं जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को लिखे गए पत्र में पत्रकार अनुज चौधरी ने मांग की है कि उनका सुरक्षा मुहैया कराई जाए। उनको जान का खतरा है ,उनकी सुरक्षा में कटौती किए जाने से वह डरे हुए हैं। साथ ही जानमाल का खतरा उनको बना रहता है। शुक्रवार को पत्रकारों ने जिलाअधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे मामले में जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेने की अपील की है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अनुज चौधरी का कहना है कि जिस तरीके से उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था, वो लगातार बदमाशों के निशाने पर रहते हैं। वहीं जेल में बंद होने के बावजूद बदमाशों का गैंग उनपर नजर रखने का काम करता है। उनके मामले के गवाहों पर भी बदमाशों द्वारा पूर्व में हमले किए गए हैं, ऐसे में उनको सुरक्षा की बेहद आवश्यकता है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अनुज चौधरी, अशोक ओझा, अशोक कौशिक ,शक्ति सिंह, तोषिक कर्दम, अमित राणा ,दीपक चौधरी, यादराम, नरेश, जितेंद्र, रोहित सिंह, सुशील गौतम, संजय मित्तल, शहजाद, सोनू, अक्षय, सन्नी गौतम, अमित चौधरी और नितिन सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे। जिन्होंने जिलाधिकारी से इस पूरे मामले में निर्णय लिए जाने की मांग उठाई है। वहीं पत्रकारों ने कहा है कि अगर उनकी बात लोकल स्तर पर नहीं मानी गई तो वह लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय और सूचना आयुक्त को भी इस पूरे प्रकरण को लेकर शिकायत करेंगे।

# कौशांबी ने धूमधाम से मनाया तीजोत्सव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशाम्बी के प्राचीन सनातन धर्म मंदिर में दो दिवसीय तीजोत्सव खूब धूम धाम के साथ मनाया गया। सेवा भारती के केंद्रों से प्रशिक्षित शिक्षार्थियों ने कौशांबी की महिलाओं के हाथो में मेंहदी लगाई, वही दूसरे दिन मंदिर समिति ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कौशांबी की महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं का तीज उत्सव पर जोश और खुशी देखते ही बनती थी। सभी ने संगीत का खूब आनंद लिया और जमकर थिरके। विशेष आकर्षण फूलो से सजा झूला रहा। जिस पर सभी ने झूला झुला और सावन-तीज के गीत गाए। नृत्य संगीत के साथ साथ कई प्रकार के चाट पापड़ी का स्वाद भी सबने लिया। मंदिर समिति के प्रधान आशीष गौर ने बताया गत कई वर्षो से मंदिर समिति इस सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन पूरे जोश के साथ करती आई हैं। क्षेत्र में भी इस आयोजन का हमेशा इंतजार रहता हैं। इस अवसर पर मंदिर समिति से प्रधान आशीष गौर कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ पधाधिकारी देवेंद्र भार्गव,पंडित देवमणि पांडेय, राजमन पांडेय आचार्या कृति शर्मा,नीति गौर,मंजू गुप्ता, दीप्ति, मंजू,सोनाली, प्रतिभा, मीनू गौर, मधु महाजन आदि महिलाएं उपस्थिति रही।

# बांग्लादेश में हिंदुओं व अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर हिन्दूवादियों ने जताई चिंता



**मोदीनगर करंट क्राइम।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं को लेकर शुक्रवार को अनेक हिन्दूवादियों ने चिंता जाहिर करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया। हिन्दूवादी नेता प्रविन्द्र आर्य ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिंदू, बौद्ध व वहां के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाऐं भारत के लिये भी चिंताजनक है। हमें इन घटनाओं पर गहन चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से उम्मीद है कि वह ऐसी घटनाओं को तुरंत रोकने के उपायों को सख्ती से लागू करे। साथ ही इस मामले में भारत की केन्द्र सरकार बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध व वहां के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के ऊपर हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोके व उनकी सुरक्षा मुस्तैद करें। हिन्दूवादी नेता नीरज शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद से कई हिंदू मंदिरों, हिंदू समुदाय के लोगों के घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की जा रही है। नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर शेख हसीना सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद देश में अव्यवस्था का माहौल हो गया था। नीरज शर्मा ने इस गंभीर समय में विश्व समुदाय व भारत के सभी राजनीतिक दलों से भी अपील की है कि इस संकट के दौर में हमें बांग्लादेश में प्रताड़ना के शिकार बने हिंदूए बौद्ध इत्यादि समुदायों के साथ एकजुट होकर खड़े होंने की जरूरत है। बांग्लादेश में व्याप्त हालात के मद्देनजर एक पड़ोसी मित्र देश होने के नाते भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध आदि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये हरसंभव प्रयास करे।

# चुनाव आयुक्त बोले- जम्मू-कश्मीर में चुनाव जल्द



**जम्मू।** आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हम जल्द चुनाव कराएंगे। कोई अंदरूनी ताकत सोचती है कि हम चुनावों को प्रभावित कर देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमें यकीन है कि जम्मू-कश्मीर के लोग विभाजनकारी ताकतों को उचित जवाब देंगे। आगे उन्होंने कहा कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव कराने के पक्ष में हैं।

अब राज्य को निर्वाचित सरकार देकर आगे बढ़ाने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। पिछले कई दशकों में नहीं हुआ, वो आपने करके दिखाया। इलेक्शन कमीशन के तीन मेंबर्स की टीम 2 दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर है। गुरुवार को इलेक्शन कमीशन के साथ रीजनल और नेशनल पार्टियों से मीटिंग हुई। पार्टियों ने जल्द चुनाव कराने की मांग की थी। इससे पहले दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

## न्यूज डायरी

### बीकेयू का ट्रैक्टर तिरंगा मार्च: मेरठ कमिश्नरी में पुलिस ने जड़ा ताला, बिजनौर में पुलिस से धक्का-मुक्की



**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता आज मेरठ समेत वेस्ट यूपी के विभिन्न जिलों में तिरंगा मार्च निकाल रहे हैं। मेरठ में ट्रैक्टर मार्च के पहुंचने से पहले ही कमिश्नरी में ताला जड़ दिया। वहीं बिजनौर में कार्यकताओं की पुलिस से धक्का मुक्की हो गई।

भारतीय किसान यूनियन की ओर से आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकाला जा रहा है। मेरठ में भाकियू कार्यकताओं की ओर से कमिश्नरी का घेराव कर किसानों की समस्याओं को जोर-शोर से उठाया जाएगा। किसान ट्रैक्टरों में सवार होकर कंकरखेड़ा और गंगानगर की ओर से कमिश्नरी पहुंच रहे हैं। इसी तरह सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली में भी भाकियू कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। ट्रैक्टर मार्च के दौरान पिछले माह दिए गए ज्ञापन की समस्याओं को भी अधिकारियों के सामने रखा जाएगा। मेरठ में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च को लेकर गुरुवार को भी नंगलाताशी कंकरखेड़ा में बैठक हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में कमिश्नरी पहुंचने का आह्वान किया। सुबह से ही ट्रैक्टरों की कतारें कमिश्नरी की ओर पहुंचना शुरू हो गईं।

### युवक ने पंखे से लटककर की जीवनलीला समाप्त



**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव बंसतपुर सैतली में एक युवक ने गुरुवार रात को पंखे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। जिला शाहजहांपुर निवासी 26 वर्षीय करन पुत्र भगवानदास थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैतली में किराए के मकान में रहकर फैक्टरी में काम करता था।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि देर रात करन ने अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर दी। जब परिजनों ने उसे देखा तो नीचे उतारकर गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को भी मीमो के आधार पर ही इसकी जानकारी हुई। मृतक काफी समय से डिप्रेशन में चल रहा था।

### कार ने बाइक सवार को कुचला ,हालात गंभीर

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में स्थित एचएलएम कॉलेज के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गाजियाबाद के पटेल नगर कॉलोनी निवासी राजीव गर्ग गुरुवार शाम को बाइक से मुरादनगर से गाजियाबाद की और जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर एचएलएम कॉलेज से पहले पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार उछलकर काफी दूर जा गिरे। तुरन्त उन्हें आईटीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया,लेकिन हालात गंभीर होने पर गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## 'बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बोले सरकार'

# हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिकारी बोले- देश में 15 से 20 करोड़ लोग अनैतिक तरीके से रह रहे



**जयपुर।** बांग्लादेश के हालात को लेकर अब जयपुर में भी विरोध होने शुरू हो गए हैं। इस मुद्दे को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने अपना विरोध जताना शुरू कर दिया है। हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक विजय कौशिक ने मीडिया से बात करते हुए कहा- जिस तरह से बांग्लादेश में हालात बने हुए हैं। उस पर तत्काल रूप से हमारी सरकार को भी एक्शन लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा- वहां पर हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहा है। उनकी हत्या हो रही है, वह बहुत सोचने वाला विषय है। हमने प्रदेश और देश में सनातनी सरकार चुनी है। उसके बावजूद भी कोई बड़ा लीडर इस मुद्दे पर बोलने को तैयार नहीं है जो की बहुत दुख पहुंचाने वाला है। कौशिक ने कहा- पाकिस्तान, बांग्लादेश और अपने ही देश में हिंदुओं के साथ बहुत अत्याचार हो रहा है। उनकी हत्या की जा रही है। बहन बेटियों के साथ रेप किया जा रहे हैं। इसके बावजूद भी कोई इस मुद्दे पर खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। देश में 15 से 20 करोड़ लोग अनैतिक तरीके से रह रहे हैं। जिन्हें कुछ गलत लोग और लीडर संरक्षण दे रहे हैं। इससे कि उनका वोट बैंक बढ़ सके। सरकार अगर इन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो जल्दी ही हिंदू संघर्ष समिति इन्हें यहां से भगाने का काम करेगी।

# देहरादून में रिमझिम बारिश, छह जिलों में अलर्ट जरी, प्रदेश में मलबा आने से 93 मार्ग बंद

**देहरादून।** देहरादून में दिनभर मौसम साफ रहा। वहीं, शाम होती ही बादल छा गए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत, उत्तरकाशी बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में गर्जना के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो अगले पांच दिनों तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में गर्जन के साथ तेज दौर की बारिश हो सकती है। बृहस्पतिवार को बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो दून के आशारोड़ी और सहस्त्रधारा में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। आशारोड़ी में 35.5 और सहस्त्रधारा में 27.5 एमएम बारिश हुई, जो प्रदेशभर में सबसे अधिक है, जबकि सबसे कम बारिश रुड़की में हुई, यहां सिर्फ 10 एमएम बारिश हुई।



### प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 93 मार्ग बंद

प्रदेश में भारी बारिश के बाद मार्गों में जगह-जगह मलबा आने से 93 मार्ग बंद हैं। रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में कुंड पुल के पास कटाव के चलते वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कुंड-चुन्नी बैंड से कालीमठगेट-गुप्तकाशी का प्रयोग किया जा रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, सोनप्रयाग-गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग में लिनचौली के पास मलबा आने से मार्ग बंद है। रुद्रप्रयाग में 12 ग्रामीण और दो पैदल मार्ग बंद हैं। उत्तरकाशी में दो राज्य और नौ ग्रामीण मार्ग, नैनीताल में एक राज्य और 10 ग्रामीण मार्ग, बागेश्वर जिले में 12 ग्रामीण मार्ग, देहरादून जिले में एक राज्य और सात ग्रामीण मार्ग, पिथौरागढ़ में एक बॉर्डर व 21 ग्रामीण मार्ग, अल्मोड़ा में एक ग्रामीण मार्ग, चंपावत जिले में चार ग्रामीण, हरिद्वार में दो और पौड़ी जिले में एक राज्य मार्ग और सात ग्रामीण मार्ग मलबा आने से बंद हैं।

# राज्यसभा में विपक्ष के रवैये पर नेता सदन जेपी नड्डा का निंदा प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को हुए हंगामे के उपरांत नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि आज जिस तरह की घटना घटी है और जो विपक्ष का व्यवहार रहा है, वह बहुत ही असंसदीय और अमर्यादित है। उन्होंने कहा कि यह सदन आज की घटना की निंदा करता है और प्रस्ताव करता है कि ऐसी घटना की घोर निंदा की जाएं। नड्डा ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि किसी पार्टी का विरोध करते-करते देश का विरोध करना अति निंदनीय है। राज्यसभा में कांग्रेस समेत विपक्ष के अन्य सांसद, भाजपा के घनश्याम तिवारी द्वारा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बारे में की गई एक टिप्पणी को कार्यवाही से हटाने की मांग कर रहे थे। इसको लेकर पक्ष व विपक्ष के सांसदों के बीच कहासुनी चल रही थी। इसी दौरान सपा सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ के लहजे पर सवाल उठाया।

इसके बाद सदन में हंगामा और बढ़ गया व विपक्ष ने सदन से वाकआउट किया। नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष के रवैया की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष इस बात के लिए प्रेरित रहता है कि किसी भी कारण से हाउस न चले। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में हुए हंगामे और विपक्ष के सांसदों के व्यवहार की निंदा की। कृषि मंत्री ने कहा, मैं अब तक 12 बार विधानसभा व लोकसभा में चुनकर आया हूं लेकिन अपने जीवन में विपक्ष का ऐसा अमर्यादित व अशोभनीय व्यवहार कहीं नहीं देखा। उन्होंने विपक्षी सांसदों पर लोकतंत्र का अपमान करने का आरोप लगाया। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी दैवेगौड़ा का भी समर्थन मिला। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सात बार एमएलए, पांच बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि अपने इस लंबे संसदीय जीवन के दौरान यह उनका अब तक का सबसे खराब अनुभव रहा है। केंद्रीय मंत्री जंयत चौधरी ने भी विपक्ष के रवैये पर विरोध जताया। उन्होंने इस बात पर भी अपना विरोध जताया कि वरिष्ठ सदस्य (जया बच्चन) ने सभापति को एक सहकर्मी बताया। उन्होंने कहा कि सभापति जिस पद को संभाल रहे हैं, उसकी एक मयार्दा है। हम सब सदन के बाहर मित्र या सहयोगी हो सकते हैं।

# कांग्रेस और राहुल गांधी पर अनुराग ठाकुर का हमला पूछा - बांग्लादेश के हिंदुओं पर चुप्पी क्यों?



**नई दिल्ली।** लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे गाजा की चिंता करते हैं। लेकिन, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी और कहा कि हमारे जो हिंदू और अलल्पसंख्यक वहां पर हैं, उनकी सुरक्षा और विकास सुनिश्चित की जाए।

लेकिन, कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को बधाई देते समय हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष ने जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को बधाई दी, तब उन्होंने वहां के हिंदुओं की सुरक्षा की कोई बात नहीं की, ना ही उसका उल्लेख किया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सवाल करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात नहीं कर सके। गाजा को लेकर आप लोगों (कांग्रेस) ने बड़ी-बड़ी बातें की, लेकिन यहां आपने नहीं की। बता दें कि शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में शपथ ली। मोहम्मद यूनुस के शपथ लेने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में आवाज उठाई और मोहम्मद यूनुस से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। दूसरी तरफ, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी मोहम्मद यूनुस को बधाई दी।

लेकिन, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार पर कुछ भी नहीं कहा। सिर्फ राहुल गांधी ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के तमाम नेताओं ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में एक शब्द भी नहीं बोला। जिसके बाद से भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 10 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# मेयर ने तोड़ी चुप्पी और कहा जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहते हैं निगम के अधिकारी

## मेयर बोली: निगम के अधिकारी कर रहे हैं राजनीति और बरगलाया है पार्षदों को

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में मेयर और नगर आयुक्त के बीच छिड़ी जंग में अब नया रंग आ रहा है। गौरतलब है कि नगर आयुक्त ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को पत्र लिखा और इस पत्र के बाद मेयर ने एक पत्र लिखा। अधिकारों को लेकर जंग छिड़ गई और अब सरकार वालों की ये रार थमने का नाम नहीं ले रही है। मेयर ने हाऊस टैक्स को लेकर चुप्पी तोड़ी और कहा कि नगर निगम के अधिकारी शहर की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहते हैं और ऐसा नहीं होने दिया जायेगा। मेयर ने कहा कि नगर निगम के कुछ अधिकारी नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले सम्पत्ति कर विशेष कर कार्मिशियल भवनों में अनियमितता बरत रहे थे। वो चाहते थे कि हाऊट टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी कर अनियमितता का दायरा और बढाया जा सके जिससे शहर की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ जाता। मेयर ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाना चाहते हैं और ऐसा नहीं होने दिया जायेगा।



### छुट्टी के दिन पार्षदों को अपने आवास पर बुलाकर अधिकारी ने दिया लालच

**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के एक अधिकारी ने 17 जुलाई को छुट्टी वाले दिन पार्षदों को अपने निजी आवास पर बुलाकर उन्हें भ्रमित किया कि वो हाऊस टैक्स की बढ़ोत्तरी में अपने मतदाताओं व नगर क्षेत्र की जनता की भावना व हितों के विरूद्ध जाकर हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी के अवैध कार्य में अधिकारियों का साथ दें। मेयर ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने पार्षदों को यह लालच भी दिया था कि वह टैक्स बढ़ोत्तरी करायें और उनके कहने पर उनके क्षेत्र में जो कार्य चाहेंगे वो कार्य हो जायेंगे। मेयर ने कहा कि जब उन्हें इस प्रकार की सूचना मिली तो वह हैरान रह गये। नगर निगम के अधिकारी इस प्रकार की राजनीति कर रहे हैं यह ठीक नहीं है। यह जनता के साथ खिलवाड़ है और पार्षदों को भी बरगलाने का काम किया गया है। अधिकारियों ने अपने आवास पर पार्षदों को बुलाकर सदन और पार्षदों की मर्यादा भंग की है जो किसी भी ढंग से न्यायोचित नहीं है।

### मेयर ने कहा गंभीर विषयों पर चर्चा करने के लिए सदन है, कार्यकारिणी पटल है, ना कि अधिकारी का आवास

**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने मोर्चा खोला और उन्होंने इसी बात पर फोकस रखा कि अधिकारी राजनीति कर रहे हैं। अधिकारी कुचक्र रच रहे हैं। अधिकारी टैक्स बढ़ाना चाहते हैं और यहां पर मेयर ने ये आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी नहीं चाहते थे कि 20 जुलाई को सदन की बैठक हो। इसके लिए कुचक्र किया गया था। मेयर ने इस बात पर फोकस किया कि पार्षदों को अधिकारी ने अपने घर क्यों बुलाया। मेयर ने कहा कि गंभीर विषयों पर चर्चा करने के लिए नगर निगम का सदन है, कार्यकारिणी का पटल है लेकिन इन विषयों पर चर्चा करने के लिए अधिकारीयों के घर नहीं है। यह सदन का अपमान है।

### नगर आयुक्त और वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी गये अवकाश पर

**करंट क्राइम।** नगर निगम में लैटर वॉर शुरू होने के बाद शुक्रवार को भी दिन भर चर्चा रही। वहीं बताया जाता है कि लैटर वॉर के बाद नगर आयुक्त अवकाश पर चले गये हैं और इसके अलावा वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी भी अवकाश पर हैं। गौरतलब है कि इस लैटर वॉर की असली वजह वो पत्र माना जा रहा है जो मेयर ने लेखाधिकारी को लिखा था। जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामलों में भुगतान से पहले कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति के बारे में उनसे भी सलाह मश्वारा कर लिया जाये। मेयर ने जब पत्र लिखा तो उन्होंने नगर आयुक्त को लिखे पत्र में नगर स्वास्थ्य अधिकारी और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निशाने पर लिया था। इसके अलावा उन्होंने इन दोनों विभागों के अधिकारियों और अपर नगर आयुक्त द्वितीय का भी नाम लिया था। नगर निगम में शुक्रवार को दोनों अधिकारियों के अवकाश पर जाने की चर्चा रही।

# डीएम के चक्रव्यूह से बचना है तो हो जायें सरकारी विभाग वाले अलर्ट

### कभी भी हो सकता है औचक निरीक्षण और रिपोर्ट होगी सीधे शासन को डायवर्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर अधिकारी की अपनी कार्यशैली होती है और हर अधिकारी का प्रयास जन समस्याओं के समाधान का होता है। हर अधिकारी की कार्यशैली शासन की मंशा के अनुरूप होती है। कोई अधिकारी होते हैं जो सीधा फील्ड में जाते हैं। कुछ अधिकारी जन सुनवाई में सीधे सम्बन्धित अधिकारी को फोन मिलाते हैं।

जिलाधिकारी की कार्यशैली की बात करें तो डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की एक अलग कार्यशैली है। वो मौके पर जाते हैं और खुद जांच करते हैं। कुछ मामलों में वो अपनी टीम भेजते हैं और ये टीम उन्हें रिपोर्ट करती है। लोगों का मानना है कि डीएम इन्द्र विक्रम सिंह अपनी कार्यशैली में स्ट्रेट फार्वड है। वो कई बार भले ही कड़वी लगने वाली बात कहते हैं लेकिन ये बात खरी होती है। सूत्र बताते हैं कि डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की कार्यशैली में अब एक्शन वाला चक्रव्यूह आ गया है। डीएम के चक्रव्यूह से अगर बचना है तो सरकारी विभाग अलर्ट रहें। खासतौर से वो विभाग जहां सीधे जनता अपनी शिकायतें लेकर पहुंचती है और जिन विभागों से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं। इन विभागों में आरटीओ विभाग, बिजली विभाग, टैक्स विभाग शामिल हैं।

सूत्र बताते हैं कि दलाली और कमीशन खोरी पर नकेल कसने के लिए डीएम ने चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। इस चक्रव्यूह में उन तत्वों को बचने की जगह नहीं मिलेगी जो दलाली और कमीशन खोरी में लिप्त हैं। जो भ्रष्टाचार में लिप्त है। सूत्र बताते हैं कि डीएम का ये चक्रव्यूह तैयार है और इसकी पूरी रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। बीते दिनों एडीएम सिटी गंभीर सिंह जिलाधिकारी के निर्देश पर ही आरटीओ गये थे। ये अलग बात है कि इस छापे की भनक पहले ही लग गई और इस निरीक्षण में दलालों के लिए बदनाम आरटीओ कार्यालय में कोई दलाल हाथ नहीं आया। सूत्र बताते हैं कि तीन दिन पहले एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह को भी डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने तहसील में भेजा था। डीएम को सूचना मिली थी कि तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में दलाल मौजूद हैं। इस सूचना पर एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने तहसील पहुंचकर पांचों सबरजिस्ट्रार के यहां छापा मारा। उन्होंने अपने निरीक्षण में यहां मौजूद कई लोगों से पूछताछ की।

बताते हैं कि निरीक्षण ने उन्होंने कई तथ्य जुटाये और अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। सूत्र बता रहे हैं कि अब अन्य विभागों की बारी है। लिहाजा पब्लिक डीलिंग वाले विभाग खासतौर से अलर्ट रहे। क्योंकि डीएम ने ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया है और कई विभागों में कभी भी छापा लग सकता है। ये रिपोर्ट कई बिन्दुओं पर तैयार होगी और शासन को भेजी जायेगी।

# तिरंगा यात्रा को लेकर किसानों और पुलिस के बीच संघर्ष, कई जगह हुए धरने- प्रदर्शन

## भारतीय किसान यूनियन ने 10 सूत्रीय मांगों का पत्र भेजा प्रधानमंत्री के नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसानों की समस्या और उनके समाधान को लेकर एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना था। तिरंगा यात्रा को लेकर पुलिस और भारतीय किसान यूनियन के नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक धरना-प्रदर्शन और रोड जाम करने का सीन भी देखने को इस दौरान मिला है।

किसानों ने पहले मुरादनगर, भोजपुर, मोदीनगर, गाजियाबाद कई जगहों पर धरना प्रदर्शन किया। तो वहीं ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठहाई-वे पर भी कई जगह ट्रैक्टर लगा के चक्का जाम किया गया। वहीं भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह को पुलिस द्वारा नजर बंद किया गया था। उन्हें भी किसानों की शक्ति के बाद दोपहर में ही रिहा कर दिया गया। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय गाजियाबाद में शुरू हुआ, जो शाम करीब 5:30 के आसपास जिला अधिकारी और डीसीपी सिटी जोन को ज्ञापन देने के बाद समाप्त हुआ। वहीं भारतीय किसान यूनियन ने 10 सूत्रीय एक मांग पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भेजा है।







### कई जगहों पर किसानों ने दिया धरना, पुलिस के खिलाफ लगाए नारे

**करंट क्राइम।** किसानों का कहना था कि वह शांतिपूर्वक ट्रैक्टर तिरंगा मार्च प्रत्येक वर्ष की भांति स्वतंत्रता दिवस मनाने और जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं। किसानों की शांतिपूर्वक तिरंगा यात्रा को पुलिस बेवजह रोक रही है। भारतीय किसान यूनियन के सचिव ओमपाल सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन जबरदस्ती किसानों को रोक रहा था। इसके बाद मोदीनगर राज चौपला, भोजपुर थाने के सामने किसानों का प्रदर्शन कलेक्ट्रेट मेरठ रोड केएमपी पुल के नीचे और कई अन्य स्थानों पर शुरू हुआ। जिसके बाद पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी हुई तो मौके पर पुलिस और बड़ी संख्या में किसान संगठन और पुलिस के अधिकारी आमने-सामने आ गए।





### पुलिस की अतिरिक्त सख्ती से बिगड़ गए थे किसान नेता

**करंट क्राइम।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन की शांतिपूर्वक तिरंगा यात्रा निकाले कार्यक्रम था। इसको लेकर देहात और शहर के कई इलाकों में भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख नेताओं को पुलिस ने नजर बंद कर दिया। सबसे ज्यादा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने का किसानों ने विरोध किया। कई जगह धरने प्रदर्शन शुरू किया, तो भारी संख्या में सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन जोन की अलग-अलग पुलिस को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में लगाया गया ताकि शांतिपूर्वक किसानों का आंदोलन समाप्त हो जाए। उधर किसान नेताओं को कहना है कि पुलिस ने हर वर्ष होने वाली तिरंगा यात्रा को रुक रही थी इसी वजह से नोंकझोंक की स्थिति पैदा हुई थी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की ओर से तिरंगा यात्रा को लेकर अतिरिक्त सख्ती बरती जा रही थी।

### इन मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एमएसपी गारंटी कानून, फसलों के उचित लाभकारी मूल्य, देश में किसानों के लिए आयोग का गठन, गन्ने का मूल्य यूपी सहित अन्य राज्यों में कम से कम 400 रुपये कुंतल किए जाने का मांग, किसानों को मुफ्त बिजली, छुट्टा पशुओं को लेकर बेवजह सरकारी रोक, किसानों के लिए अलग योजनाएं बनाने, बाढ़ की चपेट में आए किसानों को मुआवजा और उनकी मजबूत पैरवी के साथ ही कीटनाशकों पर सीधे किसानों को सब्सिडी दिए जाने और जल स्तर कई नदियों का बढ़ा हुआ है। इसको भी ध्यान में रखा जाए ,यह सभी मांगे किसानों की ओर से रखी गई, जो जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भेजा गया है।



# कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा पर बोले क्षेत्र के लोग: जीडीए के अधिकारियों का है भवन पर कब्जा, नहीं होने देते इस्तेमाल

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा को लेकर लगातार दैनिक करंट क्राइम आवाज उठाने का काम कर रहा है। लगातार जनप्रतिनिधियों से लेकर नदियापार के लोगों की राय इस विषय पर निकल कर आ रही है। कोई इसके निर्माण व उपयोग पर सवाल उठा रहा है, तो कोई इसका प्लान बदलने की बात कर रहा है। बता दें कि लगभग 9000 स्कवायर मीटर में फैला हुआ है, इसमें कुल 94 कमरे हैं। इसके साथ 280 लोग मानसरोवर भवन में बने कमरों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां लाइब्रेरी, योगा रूम, ध्यान केंद्र, 180 की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, किचन, भजनालय, कैंटीन, जैसी सभी सुविधाएं हैं। यहां लोगों की सुविधा के लिए 4 लिफ्ट भी लगी हुई हैं, उसकी उपयोगिता नजर नहीं आ रही है। यहीं वजह है, कि इसको संचालित करने वाली संस्था से लेकर सामाजिक व राजनैतिक स्तर पर आवाज उठ रही है, कि इसका अन्य कार्यों के लिए भी प्रयोग होना चाहिए। अब यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि जो पत्थर मानसरोवर भवन की सुंदरता में चार चांद लगाते थे, आज वही उखड़ने लगे हैं। लोगों की सुविधा के लिए लगे यहां के सेंट्रलाइज्ड एसी, लिफ्ट, फ्रिज, टीवी, पंखे सब खराब कमरें धूल फांक रहे है। वहीं पर्यटन विभाग ने पिछले साल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से मानसरोवर भवन का हैंडओवर किया गया है।



### व्यापार मंडल को दिया जाए, अस्पताल खोलकर उचित इलाज व खानपान फ्री : ओमवीर यादव



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमवीर यादव ने बताया कि कैलाश मानसरोवर भवन धरोहर के रूप में इंदिरापुरम को मिली है, जिसका उपयोग क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कैलाश मानसरोवर भवन को व्यापार मंडल को दिया जाए हम इसमें अस्पताल खोलकर लोगों का इलाज व खाना फ्री करेंगे। और सरकार को उचित रेट पर जो पैसा आएगा, वह देंगे जिस भवन के मेंटेनेंस भी हो सके। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की शादी विवाह होने के लिए इसको खोलेंगे, सभी को सरकार द्वारा उचित रेट पर देंगे गरीबों के बच्चे किस में अपना कोई भी कार्यक्रम फ्री कर सकता है।

### कैलाश मानसरोवर भवन की बदहाली के जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्रवाई : किशोर ठाकुर



**करंट क्राइम।** पूर्व मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर ने बताया कि इंदिरापुरम स्थित कैलाश भवन की बदहाली के जो भी अधिकारी जिम्मेदार है, उन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर भवन एक अच्छी पहल क्षेत्र की जनता के लिए, लेकिन उसका रखरखाव न होने से बदहाल हो रहा है। सरकार का जो पैसा है बर्बाद हो रहा है, किसको किसी संस्था को दिया जाना चाहिए था। जिससे इसके रखरखाव समय से होता रहे, वही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कैसे खराब होते बंद रहने से सभी वस्तुएं खराब हो रही है। सरकार से यही कहना चाहते हैं कि इसको किसी संस्था को लेकर जनता के कार्य में उपयोगी में आए

### सरकार निकाले बीच का रास्ता जो भवन आए जनता के काम : सोहनवीर सिंह



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता सोमवीर सिंह ने कहा कि कैलाश मानसरोवर भवन इंदिरापुरम के लिए गौरव की बात है, इस भवन को किसी संस्था को देकर जनता के हित में खोलना चाहिए। क्योंकि कैलाश मानसरोवर भवन जब से बना है, मुझे नहीं लगता यहां पर कोई यात्री ठहरा है। यदि से कोई बुक करने जाता है जीडीए के अधिकारी कहते हैं, कि डीएम देखेगा, इस कारण लोगों को बुक करने में परेशानी होती है। इसी चक्कर में कोई से बुक नहीं कर पाता है। एक संस्था रखरखाव करेगी तो लोगों को बुक करने में आसानी होगी।

### कैलाश मानसरोवर भवन पर जीडीए के अधिकारियों का है, कब्जा : नवनीत मित्तल



इंदिरापुरम मंडल के पूर्व अध्यक्ष नवनीत मित्तल ने बताया की कैलाश मानसरोवर भवन की बदहाली का कारण जीडीए के अधिकारी हैं, जिन्होंने अभी तक इस भवन को टेकओवर नहीं होने दिया। इंदिरापुरम की जनता के लिए भी खोलने के लिए नहीं सोचा, इस भवन को तत्काल प्रभाव से जनता के लिए खोल देना चाहिए। भवन में महादेव का मंदिर है, सावन के माह में भी मंदिर बंद पड़ा है, जीडीए के अधिकारी इसे इस्तेमाल करते हैं। सरकार को टेंडर निकलकर किसी संस्था को दे देना चाहिए, उन्होंने कहा कि मैं मेरी परिवार में शादी है, मैं रेस्टोरेंट व होटल ढूंढ रहा हूं। यदि सरकार इसे पब्लिक के लिए खोल देती तो मेरा परिवार इस मे कई कार्यक्रम कर सकते थे। इसी तरह इंदिरापुरम के लोग अपने परिवार के कार्यक्रम लिए फार्म हाउसों में मोटी रकम देकर कार्यक्रम करते है।

## संपादकीय

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार गठित

बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होने और देश छोड़ने के बाद नेतृत्वहीनता जैसी स्थिति से गुजर रहे बांग्लादेश में एक ऐसी सरकार बन गई, जिस पर देश को उथलपुथल के इस दौर से निकाल कर वहां शांति व्यवस्था और सामान्य स्थिति कायम करने की जिम्मेदारी है।

मोहम्मद यूनुस दुनिया के 32वें नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, जिन पर किसी देश को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी आन पड़ी। यह बांग्लादेश के लोगों के बीच उनकी विश्वसनीयता का सबूत है कि जो लोग छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे, उनकी ओर से उनका नाम इस जिम्मेदारी के लिए सुझाया गया। इसके पीछे कुछ भूमिका इस तथ्य की भी होगी कि वह अर्से से हसीना सरकार के निशाने पर रहे हैं। इसके बावजूद कि गरीबों को छोटे-छोटे लोन देकर उन्हें गरीबी से निकालने का उनका आइडिया न केवल बांग्लादेश में सफल रहा बल्कि उसकी तर्ज पर ग्रामीण बैंक का प्रयोग करीब 100 अन्य देशों में चलाया जा रहा है।

इसमें दो राय नहीं कि व्यक्तिगत तौर पर मोहम्मद यूनुस उदार और आधुनिक विचारों वाले शख्स हैं जिनकी प्राथमिकता विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की होगी। लेकिन असल सवाल यह है कि अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर उनके हाथों में कितनी ताकत रहती है। आखिर उन्हें सेना, राष्ट्रपति और जमात और इठढ जैसी राजनीतिक ताकतों की ओर से डाले जा रहे दबावों के बीच काम करना होगा।

हसीना सरकार के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन को आखिरी पलों में जिस प्रकार भारत विरोधी और सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई, उससे साफ है कि वहां भारत विरोधी और कट्टरपंथी ताकतें मौके की ताक में बैठी हैं। हालांकि यूनुस भी इन बातों को समझते हैं। उन्होंने नई जिम्मेदारी की पेशकश स्वीकारने के बाद यह साफ कर दिया कि भारत से रिश्ते सुधारने के कई मौके मिलेंगे और यह उनकी प्राथमिकता में है। भारत भी हर मौके पर यह साफ करता रहा है कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों से सम्मानजनक दूरी बनाए रखते हुए भी वह न केवल उसके साथ विशिष्ट और करीबी रिश्ता कायम रखना चाहता है बल्कि विकास की उसकी यात्रा में योगदान भी जारी रखना चाहता है।

बहरहाल, अंतरिम सरकार एक तात्कालिक व्यवस्था ही है जिसका उद्देश्य देश में सामान्य स्थिति कायम करके जल्द से जल्द एक एक निर्वाचित सरकार के हाथों में सत्ता सौंपना है। ऐसे में देखना होगा कि अगले कुछ दिनों और महीनों में वहां किस तरह का माहौल बनता है और लोकतांत्रिक शक्तियां मौजूदा चुनौतियों का सामना कितनी मजबूती से करती हैं।

# 2024 में चीन को पछाड़कर भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन बाजार



**नई दिल्ली।** भारत 2024 में चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन बाजार बन सकता है। एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। काउंटरप्वाइंट रिसर्च की ओर से कहा गया कि मजबूत आर्थिक वृद्धि दर, छोटी दूरी के लिए दोपहिया ग्राहकों की पहली पसंद और शेयर मोबिलिटी स्पेस में दोपहिया वाहनों की बढ़ती मांग के कारण भारत, चीन को पछाड़कर 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। 2023 में दोपहिया वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर एक प्रतिशत से भी कम का इजाफा हुआ था। हालांकि, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 2024 में बिकने वाले दोपहिया वाहनों में 25 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रिक होने की उम्मीद है। वरिष्ठ एनालिस्ट सौमेन मंडल ने कहा कि दोपहिया मार्केट मैच्योरिटी की तरफ बढ़ रहा है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ विशेषकर 2025 के बाद लोगों का रुझान बढ़ने वाला है। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों और भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के चलन में आने वाले समय में तेजी से इजाफा होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि टॉप 10 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में तीन (ओला इलेक्ट्रिक, टीवीएस मोटर्स और एथर एनर्जी) भारत से हैं, जो दिखाता है कि भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। ओला और एथर ग्रीनफील्ड 'ईवी-फर्स्ट' दो पहिया वाहन कंपनी है जो कि टीवीएस, बजाज और हीरो को टक्कर दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि दोपहिया प्रीमियम सेगमेंट में हार्ले डेविडसन, एनफील्ड, यामाहा और अन्य के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अल्ट्रावायलेट, रिवोल्ट मोटर्स, एनर्जिका मोटर, डेमन और एआरसी जैसी कंपनियां बाजार में उतर रही हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वैश्विक स्तर पर दोपहिया वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक की हिस्सेदारी 2030 तक 44 प्रतिशत की होगी। इसके साथ ही 2030 तक दोपहिया वाहनों में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के उपाध्यक्ष और पार्टनर नील शाह का कहना है कि चारपहिया वाहन मार्केट की तरह दोपहिया वाहन मार्केट में भा आने वाले समय में बदलाव दिखाई देगा। इसमें इलेक्ट्रिफिकेशन की अहम भूमिका होगी।

# जून तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद उछले एलआईसी के शेयर




**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में शुक्रवार के कारोबारी सत्र की शुरूआत में 3 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इसकी वजह कंपनी द्वारा जून तिमाही के मजबूत नतीजे पेश करना था। एलआईसी का शेयर 1,159 रुपये के भाव पर खुला। अप्रैल-जून की अवधि में देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी के मुनाफे में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है और कंपनी की नेट प्रीमियम इनकम में 16 प्रतिशत का उछाल आया है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कंपनी ने 35 लाख इंश्योरेंस पॉलिसी की ब्रिकी व्यक्तिगत कैटेगरी में की है। इसकी संख्या एक साल पहले 32 लाख थी। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी की नेट प्रीमियम से होने वाली आय बढ़कर 1.14 लाख करोड़ रुपये रही, जो कि पिछले साल समान अवधि में 98,755 करोड़ रुपये पर थी। एलआईसी के नए बिजनेस से प्रीमियम आय 13.67 प्रतिशत बढ़कर 11,892 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में हमने 35,65,519 पॉलिसी की ब्रिकी की है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 की जून तिमाही में 32,16,301 था। कंपनी की ओर से पॉलिसी की ब्रिक्री में 10.86 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। एलआईसी देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 64.02 प्रतिशत है। कंपनी का शेयर बीते एक वर्ष में 76 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है। वहीं, इस वर्ष की शुरूआत से अब तक यह 35 प्रतिशत बढ़ चुका है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 7.20 लाख करोड़ रुपये का है। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में एलआईसी की ओर से 17,000 करोड़ रुपये का निवेश शेयरों में किया गया है।

## राशिफल

**मेष :** उद्यमी या व्यवसायी कुछ योजनाएँ बना सकते हैं। पार्टनरशिप से बड़ा लाभ हो सकता है। आप अपने संपर्कों में वृद्धि करेंगे और कुछ लाभकारी संपर्क भी स्थापित करेंगे।

**वृष :** आज आपको उम्मीद के मुताबिक धन की प्राप्ति होगी। इस राशि के वेतनभोगी लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** वाहन चलाते समय सावधान रहना चाहिए। युवा उच्च शिक्षा के लिए बाहर जा सकते हैं। लव लाइफ में विवाद हो सकता है। आपको इसका समाधान करना चाहिए।

**कर्क :** मन में स्थिरता की कमी के कारण आप थोड़े चिंतित हो सकते हैं, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे। कोई बड़ा फैसला लेने में आपको परेशानी हो सकती है।

**सिंह :** पैसों के मामले में आज का दिन अच्छा है। अचानक धन लाभ हो सकता है। कुछ मेहनत या अधिक समय लेने वाला काम भी घर में ही करना होगा।

**कन्या :** आज पैसों से जुड़ा कोई मामला आसानी से सुलझ जाएगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मित्र के सकारात्मक प्रभाव से आपके स्वभाव में बदलाव आएगा।

**तुला :** पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आमदनी सामान्य रहेगी। सकारात्मक व्यवहार के कारण लोग आपसे प्रभावित हो सकते हैं। आप बहुत व्यस्त और सक्रिय भी रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज तरक्की के नए रास्ते खुले देखने को मिलेंगे। शाम तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

**धनु :** आज आपको अपनी भावनाओं को संतुलित रखना होगा। अपने परिवार के हितों के खिलाफ काम न करें। व्यापार में वृद्धि होगी।

**मकर :** आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। आप बहुत कुछ करना चाहते हैं लेकिन जल्दबाजी में कोई फैसला लेना आपके लिए गलत साबित हो सकता है।

**कुंभ :** आपको करियर के मामले में कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मीन :** कोई विशेष शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कुछ मामलों में लाभ हो सकता है। किसी खास व्यक्ति से सीधी और खुली बातचीत हो सकती है।

## चुटकुले

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने आम बचे ?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे ?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

---

पत्नी नींद से उठते ही बोली, 'अजी सुनते हो?'
पति- 'बोलो! क्या हुआ?'
पत्नी - 'मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो।'
पति - ठीक है, तो वापिस सो जा और पहन ले।'

---

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटु - वो कैसे ?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में, सोना दाँतों में, मोती आखों में शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में पाए जाने लगते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- तानाशाह जर्मन शासक हिटलर बचपन में पादरी बनना चाहता था। सबसे बड़ी बात कि जिस इंसान से आज भी लोग खौफ खाते हैं, उसे बिल्लियों से डर लगता था। यही डर नेपोलियन को भी था।
- जियोलॉजिस्ट चार्ल्स डार्विन ज्यादातर उन सभी जानवरों को खाते भी थे, जिनकी उन्होंने खोज की थी।
- दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत में रहता है। इस परिवार में एक व्यक्ति की 39 पत्नियां और 94 बच्चे हैं। यह सभी लोग 100 कमरों के 4 मंजिला घर में रहते हैं।
- हॉलीवुड स्टार ब्रेड पिट को फिल्म 'सेवेन ईयर इन तिब्बत' में काम करने की वजह से चीन में जाने की पाबंदी है।
- ताइवान में एक ऐसा रेस्त्रां है, जहां आने वाले कस्टमर को खाना टॉयलेट के आकार के बने एक स्टैंड पर दिया जाता है।
- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स ट्रैवलिंग के लिए हमेशा अलग-अलग प्लेन का प्रयोग करते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि कभी प्लेन क्रैश हो जाए तो दोनों में से कोई एक तो जीवित रहेगा ही।

## मेरे शहर से बादल रूठा क्यों है....?

प्रस्तुति करंट क्राइम



**कपिल कुमार**
(आकाशनगर)

रह-रह कर रुत हवाओं की बह रही है
जिद बादलों की जाने क्या कह रही है
सारे जहां में गरजा, बस मेरा शहर ही तरसा
रिमझिम बारिशों के बहाने ये हर ओर बरसा
जब हर तरफ बरसा, हर तरफ गरजा
तो फिर ये मेरे शहर से रूठा क्यों है..?
मैं बेमौसम बरसात नहीं
सावन की बूंदें मांग रहा हूं
खूब भरभरा कर बारिश नहीं
महज कुछ छींटे मांग रहा हूं
है तो नियत बरसने की पर बरसता नहीं
जाने क्यों बादल मेरे शहर पर तरसता नहीं
अब पड़ा, अब पड़ा, अब पड़ा....
करते-करते गला भी मेरा सूख पड़ा
है सावन का दौर ये आखिर, अब तो बदरा बरस ही जाना
कर दे रिमझिम बारिश थोड़ी, चाहे तू कल फिर मत आना
बीतने को है सावन, एक बारिश भी नसीब नहीं
देखें ढेरों सावन मैंने, पर इतने भी अजीब नहीं
कि सूख पड़ी हर डाली है, जाने कहां खुशहाली है
रोम-रोम में जन-जन के भी छाई अब बदहाली है
खेत, खलियान, फसलें भी हैं देखें तुझको राह बिछाए
पड़ता नहीं शहर में मेरे, आखिर तू रूठा क्यों है..?

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पीएम मोदी ने पदक विजेता नीरज चोपड़ा से की बात



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारत को रजत पदक दिलाने वाले स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने बात की। उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी को बधाई दी और उनकी चोट पर अपडेट लिया। इस दौरान पीएम ने नीरज की मां की खेल भावना को भी सराहा।

### पीएम ने दी बधाई

प्रधानमंत्री ने फोन कॉल के दौरान कहा, आपने देश को फिर से गौरवान्वित किया है। देर रात 1 बजे भी लोग आपको एक्शन में देख रहे थे, उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे थे। उन्होंने फिटनेस संबंधी समस्याओं के बावजूद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इसके लिए पीएम ने उनकी सराहना की। नीरज ने बताया कि चोटों के कारण वह खुद को पूरी तरह से तैयार नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, मैं इन परिस्थितियों में भी अपने देश के लिए पदक जीतकर खुश हूं। खेल में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

### नीरज ने रचा इतिहास

स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा लगातार दूसरी बार ओलंपिक में पदक जीतने में कामयाब हुए। ऐसा करने वाले वह स्वतंत्र भारत के पहले एथलीट बन गए। उन्होंने 89.45 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता। नीरज ट्रैक एंड फील्ड में दो ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। 1900 में एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीतने वाले नॉर्मन प्रिचर्ड ब्रिटिश मूल के थे। प्रतियोगिता की शुरूआत से पहले ही उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी और वह सभी की उम्मीदों पर खरे उतरे।

# भारतीय पुरुष और महिला चार गुणा 400 रिले टीम का निराशाजनक प्रदर्शन



**पेरिस।** भारतीय पुरुष और महिला चार गुणा 400 रिले टीम का पेरिस ओलंपिक में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और दोनों ही टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम शुक्रवार को उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी और हीट रेस में कुल 10वें स्थान पर रहने के कारण अंतिम राउंड में जगह बनाने से चूक गई। मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी ने हालांकि सत्र का सर्वश्रेष्ठ तीन मिनट और 0.58 सेकेंड का समय निकाला, लेकिन दूसरी हीट में सातवें स्थान पर रहीं जिससे उसने 16 टीमों में से कुल मिलाकर 10वां स्थान हासिल किया।

### दोनों हीट में से प्रत्येक में शीर्ष तीन टीम तथा दोनों हीट में अगली दो सबसे तेज

टीमें फाइनल राउंड में पहुंचती हैं। बोत्सवाना (2:57.76), ब्रिटेन (2:58.88) और अमेरिका (2:59.15) की टीम शीर्ष तीन पर रहीं, जबकि जापान 2:59.48 के समय के साथ चौथे स्थान पर था। भारत का एशियाई रिकॉर्ड 2:59.05 सेकेंड का है जो 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के दौरान बना था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के फाइनल राउंड में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही।

### महिला टीम भी नहीं कर सकी क्वालिफाई

महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम भी पहले दौर की हीट में भाग लेने वाले 16 देशों में 15वें स्थान पर रहने के बाद क्वालिफाई करने में असफल रही। विथ्या रामराज, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:32.51 का समय निकाला और हीट नंबर दो में आठवें और आखिरी स्थान से कुल 15वें स्थान पर रही।

# समापन समारोह में मनु के साथ पीआर श्रीजेश होंगे ध्वजवाहक



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में मनु भाकर के साथ भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश भारत के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईओए ने अपने बयान में कहा, 'पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ संयुक्त ध्वजवाहक के रूप में हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को नियुक्त करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ को खुशी हो रही है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व के भीतर एक भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। मौजूदा खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। भारत ने गुरुवार को स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता और इसके साथ ही श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कह दिया। श्रीजेश लंबे समय से भारतीय हॉकी टीम के अहम सदस्य रहे हैं। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में भी शानदार प्रदर्शन किया और विरोधी टीम के सामने दीवार बनकर खड़े रहे। स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में भी श्रीजेश ने अंतिम क्वार्टर में शानदार बचाव किए थे और उन्हें बढ़त लेने से रोका था। इस तरह टीम ने श्रीजेश को जीत के साथ विदाई दी।

### संन्यास के फैसले पर क्या बोले श्रीजेश?

शुक्रवार को श्रीजेश के संन्यास के बाद फैंस लगातार उनसे वापसी की मांग कर रहे थे। इसको लेकर उन्होंने कहा, 'यह विदा लेने का सही समय है। मुझे लगता है कि ओलंपिक खेलों से विदा लेने का यह सही तरीका है, एक पदक के साथ। हम खाली हाथ घर नहीं जा रहे जो बड़ी बात है। मैं लोगों की भावनाओं का सम्मान करता हूं लेकिन कुछ फैसले कठिन होते हैं। सही समय पर फैसला लेने से हालात खूबसूरत हो जाते हैं। इसलिए मेरा फैसला नहीं बदलेगा। टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और इस मैच को इतना यादगार बना दिया। टोक्यो में मिले पदक की मेरे दिल में खास जगह है। इससे हमें आत्मविश्वास मिला कि हम ओलंपिक में पदक जीत सकते हैं।

# पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर से मिले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने गुलदस्ता देकर मनु भाकर का स्वागत किया। सिंधिया ने मनु भाकर को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और कहा कि वह देश के लिए प्रेरणा हैं। इस मुलाकात के दौरान, पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर ने सिंधिया के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर लिखा, पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाली, देश की बेटी मनु भाकर से मिलकर उन्हें उनकी ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे लिखा कि, उनकी यह सफलता देश की भावी पीढ़ी, खासकर हमारी बेटियों को, खेल के क्षेत्र में अपना नाम रौशन करने के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी। प्रत्येक भारतीय को आप पर गर्व है। मालूम हो कि, मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में दो कांस्य पदक जीते हैं। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में महिला एकल और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड प्रतिस्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता।

# मध्य प्रदेश सीएम मोहन यादव ने हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर से की बात, 1 करोड़ के इनाम का ऐलान



**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने लगातार दूसरी बार ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस मैच को भारतीय हॉकी टीम ने 2-1 से जीता। हॉकी में भारत के ब्रॉन्ज जीतने पर मध्य प्रदेश में भी खुशी का माहौल है। दरअसल, मध्य प्रदेश के विवेक सागर भी देश की ओलंपिक टीम का हिस्सा हैं और मैच में उन्होंने अपना अहम योगदान दिया है। विवेक सागर से प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादन ने शुक्रवार को वीडियो कॉल पर बात की। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विवेक सागर को बधाई देते हुए कहा कि आपने मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है, हमें आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि अब तो आप हमारे डीएसपी हैं। सरकार की ओर से आपके खाते में एक करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की जाएगी। यह इनाम आपके प्रदर्शन और मध्यप्रदेश के लिए गौरव बढ़ाने के लिए दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

भारत ने ओलंपिक इतिहास में लगातार दूसरी बार ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में जर्मनी को मात देकर कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपिक में भारतीय हॉकी के लिए 13वां मेडल है। भारतीय हॉकी टीम की इस जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने भारतीय टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था, एक उपलब्धि जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी! भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता, यह इसलिए भी खास है क्योंकि यह ओलंपिक में उनका लगातार दूसरा पदक है। उन्होंने आगे लिखा था, उनकी सफलता कौशल, दृढ़ता और टीम भावना की जीत है। उन्होंने बहुत धैर्य और लचीलापन दिखाया। खिलाड़ियों को बधाई। हर भारतीय का हॉकी से भावनात्मक जुड़ाव है और यह उपलब्धि इस खेल को हमारे देश के युवाओं के बीच और भी लोकप्रिय बनाएगी।

# 'अमन के पास कांस्य पदक मैच में 100 प्रतिशत मौका है' : सहायक कोच जयवीर सिंह



**पेरिस।** अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहे हैं, छत्रसाल स्टेडियम में उनके सहायक कोच जयवीर सिंह को विश्वास है कि 21 वर्षीय अपना अभियान एक पदक के साथ समाप्त करेंगे। पूर्व एशियाई और अंडर23 विश्व चैंपियन अमन का शुक्रवार को रात 9:45 बजे कांस्य पदक के लिए पैन अमेरिकन गेम्स के पदक विजेता प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज से मुकाबला होगा। जयवीर ने आईएएनएस से कहा, हमारे पास कांस्य पदक मैच में 100 प्रतिशत संभावना है। अमन का वर्कआउट हर सुबह और शाम चार घंटे के लिए निर्धारित था। वह एक बहुत ही स्मार्ट, उज्ज्वल और मेहनती बच्चा है। हमें उम्मीद है कि वह कुश्ती में पदक वापस लाएगा। हरियाणा के पहलवान ने अपने अभियान की शुरूआत प्रभावशाली तरीके से की और अपने पहले दो मुकाबलों में लगातार दो तकनीकी श्रेष्ठता जीत दर्ज की। उन्होंने अपने 16वें दौर के मुकाबले में पूर्व यूरोपीय चैंपियन नॉर्थ मैसेडोनिया के व्लादिमीर एगोरोव को 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से हराया और 2022 के विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव को क्वार्टर फाइनल में 12-0 से हराया। हालाँकि, वह सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन और रियो 2016 के रजत पदक विजेता जापान के री हिगुची से हार गए। जयवीर ने अमन के प्रदर्शन कहा, वह रक्षा में हार गया, अन्यथा, उसने अच्छा संघर्ष किया क्योंकि उसने अपने पहले दो मुकाबलों में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की थी। उसकी ओर से प्रयास में कोई कमी नहीं थी, लेकिन इतने उच्च स्तर पर, थोड़ी किस्मत भी भूमिका निभाती है। अगर वह पहले 2-3 मिनट तक टिके रहते, तो मुकाबला हमारा होता। जयवीर ने आगे उल्लेख किया कि टोक्यो 2020 में उसी भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाले रवि दहिया ने भी अमन को उनके पदक मुकाबले के लिए शुभकामनाएं भेजीं। दिलचस्प बात यह है कि अमन ने पेरिस 2024 में पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार हासिल करने के लिए दहिया को ट्रायल में हराया था। पेरिस 2024 ओलंपिक में कुल छह पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिनमें से अमन अकेले पुरुष पहलवान हैं। निशा दहिया सोमवार को महिलाओं के 68 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। विनेश फोगाट ने मंगलवार को महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन बुधवार को वेट-इन में असफल होने के बाद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

# अमरोहा में नीरज चोपड़ा का अनोखा सम्मान

## कोयले से बनाई तस्वीर




**अमरोहा।** पेरिस ओलंपिक में जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीता। स्टार एथलीट की ऐतिहासिक जीत पर बधाइयों का दौर जारी है। इस खास मौके पर आर्टिस्ट जुहैब खान ने कोयले से नीरज की 6 फीट की तस्वीर बनाई है। अमरोहा के आर्टिस्ट जुहैब खान का ये अनोखा सम्मान अद्भुत है। वो किसी पहचान के मोहताज नहीं है। उन्होंने इससे पहले भी कई तस्वीर तैयार की है। अपने हुनर के बदौलत जुहैब मशहूर हो चुके हैं। जुहैब खान ने बताया कि नीरज चोपड़ा की तस्वीर 6 फिट की है। नीरज ने इस ऐतिहासिक जीत से देश का मान बढ़ाया है। इस मौके पर मैंने उन्हें बधाई देने के लिए यह तस्वीर बनाई। मेरी यही शुभकामनाएं है कि वो आगे भी इस तरह देश का मान बढ़ाते रहे। पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर दूर जैवलिन फेंककर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इससे भारत के नाम अब कुल 5 मेडल (1 सिल्वर, 4 ब्रॉन्ज) हो गए हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में जैवलिन थ्रो का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि सीजन के अपने बेस्ट थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा को गुरुवार रात रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। नीरज चोपड़ा जो क्वालीफाइंग में 89.34 मीटर के शानदार प्रयास के साथ फाइनल में स्वर्ण के प्रबल दावेदार थे, लेकिन उन्हें भाग्य का साथ नहीं मिला। फाइनल मुकाबले में नीरज ने 89.45 मीटर जैवलिन फेंका, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ क्योंकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर उन्हें पछाड़ दिया। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ नया ओलंपिक रिकॉर्ड स्थापित किया। 92.97 मीटर के विशाल थ्रो ने नदीम को शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया और वह 88, 72, 79.40 मीटर और 84.87 मीटर के थ्रो के साथ उस स्थान पर बने रहे और फिर 91.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता समाप्त की।

# पोंटिंग ने इंग्लैंड की सफेद गेंद कोचिंग से किया इनकार

## नजरें आईपीएल कोचिंग में वापसी पर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने कहा है कि वह इंग्लैंड की पुरुष टीम के अगले व्हाइट-बॉल कोच बनने पर विचार नहीं करेंगे, साथ ही उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोचिंग में वापसी की भी उम्मीद है। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कोच के रूप में मैथ्यू मॉट के जाने का मतलब है कि इस रिक्त पद को भरने के लिए क्रिकेट जगत में एक प्रमुख व्यक्ति की तलाश है। दिल्ली कैपिटल्स के साथ पोंटिंग का सात साल का कार्यकाल इस साल समाप्त होने के बावजूद, तीन बार का विश्व कप विजेता अभी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूर्णकालिक कोचिंग के लिए तैयार नहीं है। मैं रिकॉर्ड पर कह रहा हूं कि अभी मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय नौकरियां वास्तव में वह नहीं हैं जहां मेरा जीवन है क्योंकि एक अंतरराष्ट्रीय नौकरी में बहुत अधिक समय लगता है। मुझे अपने टीवी काम के साथ-साथ अन्य प्रतिबद्धताएं भी मिली हैं मैं जो चीजें करता हूं और घर पर अच्छे समय के साथ इसे संतुलित करने की भी कोशिश करता हूं, जो कि पिछले कुछ सालों में मुझे ज्यादा नहीं मिला है। आईसीसी समीक्षा शो के नवीनतम एपिसोड में पोंटिंग ने कहा, अन्य अंतरराष्ट्रीय टीमों को कोचिंग देना एक बात है, एक ऑस्ट्रेलियाई के लिए इंग्लैंड को कोचिंग देना शायद थोड़ा अलग है, लेकिन अभी मेरे पास काफी कुछ है क्योंकि यूके में अगले कुछ महीनों में मुझे और भी बहुत कुछ करना है। ऑस्ट्रेलिया में कुछ सफेद गेंद वाली चीजें आ रही हैं, जिस पर मैं जाऊंगा और टिप्पणी करूंगा, इसलिए नहीं, अभी अगर मेरा नाम सूची में था तो वे वास्तव में इसे हटा सकते हैं। पोंटिंग, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया, ने हाल ही में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सीजन को जीतने के लिए वाशिंगटन फ्रीडम टीम को कोचिंग दी और यूएसए में टीम के साथ उनके अनुबंध पर एक और वर्ष है। वह आईपीएल 2025 सीजन से पहले आईपीएल कोचिंग अनुबंध की भी उम्मीद कर रहे हैं। मैं आईपीएल में फिर से कोचिंग करना पसंद करूंगा। हर साल जब मैं इसमें शामिल हुआ तो मैंने बहुत अच्छा समय बिताया, चाहे वह एक खिलाड़ी के रूप में शुरूआती दिन हों या मुख्य कोच के रूप में मुंबई में बिताए कुछ साल। और फिर मेरे पास दिल्ली में सात सीजन हैं, जो दुर्भाग्य से वास्तव में उस तरह से काम नहीं कर सके जैसा मैं चाहता था और निश्चित रूप से उस तरह से जैसा कि फ्रेंचाइजी चाहती थी। मुझे लगता है कि मेरा वहां जाना कुछ लाने की कोशिश के बारे में था टीम के लिए ट्रॉफी जीतना और ऐसा नहीं हुआ। पोंटिंग ने यह भी खुलासा किया कि दिल्ली कैपिटल्स अपने अगले मुख्य कोच को चुनने के लिए एक अलग दृष्टिकोण अपनाएगी, उन्होंने संकेत दिया कि फ्रेंचाइजी एक भारतीय कोच को अपने साथ जोड़ना चाहेगी। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वे किसी ऐसे व्यक्ति के साथ एक अलग दिशा में जाना चाहते हैं जो उन्हें ऑफ-सीजन के दौरान थोड़ा अधिक समय और थोड़ी अधिक उपलब्धता दे सके, वास्तव में किसी भी चीज से कहीं अधिक, जिसमें वे थोड़ा और समय बिता सकें। भारत में बहुत सारे स्थानीय खिलाड़ी हैं। मैं उन अन्य चीजों के साथ ऐसा नहीं कर सका जो मैं कर रहा हूं। मुझे लगता है कि आप जो पाएंगे वह यह है कि वे शायद एक भारतीय-आधारित मुख्य कोच के साथ समाप्त होंगे। निश्चित रूप से यह कुछ संवाद है मैं वैसे भी उनके साथ रहा हूं। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, लेकिन मैं वास्तव में अपने समय के लिए आभारी हूं जो मैंने वहां बिताया, कुछ महान लोगों से मिला, कुछ महान लोगों के साथ काम किया और जाहिर तौर पर वर्षों तक कुछ महान खिलाड़ियों के साथ भी काम किया।

# एडिलेड टेस्ट से पहले भारत डे-नाइट वार्म अप टेस्ट खेलेगा



**नई दिल्ली।** एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट से पहले भारत दो दिवसीय पिंक बॉल वार्म अप मैच खेलेगा। कैनबरा में खेले जाने वाले इस वार्म अप मैच में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश से होगा। इससे भारत को फ्लडलाइट के अंदर खेलने का एक अभ्यास प्राप्त हो जाएगा। इस मैच का आयोजन 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक होगा। पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच में जो गैप होगा, उसी दौरान मैच को आयोजित करने का प्लान बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले के दो सीजन में भी दो बार प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यान मैचों का आयोजन करवाया गया था। वेस्टइंडीज ने 2022 में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ एक डे-नाइट अभ्यास मैच खेला था और इसके बाद पाकिस्तान ने भी 2023 में अभ्यास मैच खेला था। हालांकि भारत जो अभ्यास मैच खेल रहा है, उसे चार दिवसीय की जगह, दो दिवसीय मैच के रूप में आयोजित करवाया जाएगा। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर भारत एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट आठ विकेट से हार गया था। उस मैच में भारत दूसरी पारी में सिर्फ.36 के स्कोर पर आउट हो गया था। टेस्ट में वह भारत का सबसे छोटा स्कोर था। हालांकि उन्होंने उस हार से वापसी करते हुए, उस सीरीज को 2-1 से जीत लिया था। भारत-ऑस्ट्रेलिया के उस दौरे पर एडिलेड चार मैचों की श्रृंखला का शुरूआती टेस्ट था, जो कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद आयोजित किया गया था। हालांकि इस बार श्रृंखला पर्थ में शुरू होगी और इसमें पांच टेस्ट शामिल होंगे। कुल मिलाकर भारत ने केवल चार डे-नाइट टेस्ट खेले हैं, जिनमें सबसे हालिया 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ था। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू मैदान पर) पिंक बॉल टेस्ट खेले हैं। पिछले सीजन में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्हें पिंक बॉल टेस्ट में आठ रनों से हार का सामना करना पड़ा था। यह उनकी पहली हार थी। हालिया सीजन में जो भी अभ्यास मैच खेले गए हैं, उसमें ऑस्ट्रेलिया ए टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। हालांकि पिछली बार जब पाकिस्तान की टीम ने अभ्यास मैच खेला था, तब पाकिस्तानी टीम ने ओवल की पिच की आलोचना की थी। उनका कहना था कि पिच काफी धीमी थी और उन्हें तैयारी करने के लिए सही परिस्थितियां नहीं मिलीं। हालांकि उस मैच के दौरान खराब मौसम के कारण ग्राउंड्समैन का काम काफी मुश्किल बन गया था। अभ्यास मैच के अंतिम दिन इतनी बारिश हो गई कि कोई खेल ही नहीं हो पाया। भारत को 22 नवंबर को होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व 15 नवंबर से 18 नवंबर तक वाका में इंट्रा-स्क्वाड वार्म अप मैच खेलना है। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगा। भारत ए टीम अक्टूबर के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी और मैके और मेलबर्न में दो चार दिवसीय मैच खेलेगी।

# बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है मोहम्मद शमी की वापसी



**नई दिल्ली।** वनडे विश्व कप के बाद चोटिल होने के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में जल्द वापसी की उम्मीद की जा रही है। शमी बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू हो रही दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट चटकाए थे। इसमें मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में (7-57) शानदार गेंदबाजी भी शामिल है। वनडे विश्व कप के बाद मोहम्मद शमी को दाहिनी एड़ी में चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था। इसके चलते उनको इस साल 2024 में सर्जरी भी करवानी पड़ी थी। वह क्रिकेट से कई महीनों से दूर रहे हैं। शमी अपनी चोट से काफी अच्छी तरह से रिकवर कर रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, शमी फिलहाल एनसीए में अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और पिछले महीने उन्होंने गेंदबाजी शुरू की थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिट होने के बाद शमी ने धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी का कार्यभार बढ़ाया है। इस महीने की शुरूआत में, श्रीलंका के सीमित ओवरों के दौरे पर रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि शमी ने गेंदबाजी शुरू कर दी है। उनका लक्ष्य 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाले भारत के पहले टेस्ट मैच में खेलना है, ताकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर सकें।

# विनेश को रजत पदक से वंचित करना तर्क और खेल भावना के विपरीत : सचिन तेंदुलकर



**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट के साहसिक प्रदर्शन की कहानी, जिसने उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक मैच के लिए क्वालीफाई कराया, 29 वर्षीय को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद तेजी से बदल गई। जबकि पूरा देश कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट (सीएएस) के फैसले का इंतजार कर रहा है, यह देखने के लिए कि क्या विनेश को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी, भारत के सबसे बड़े खेल आइकनों में से एक, सचिन तेंदुलकर ने बैठक से पहले मामले पर अपने अंतिम विचार सोशल मीडिया पर पोस्ट किये। तेंदुलकर ने कहा, अंपायर कॉल का समय! हर खेल के कुछ नियम होते हैं और उन नियमों को संदर्भ में देखने की जरूरत है, शायद कभी-कभी उन पर दोबारा गौर भी किया जाए। विनेश फोगाट ने निष्पक्षता से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वजन के आधार पर उसकी अयोग्यता फाइनल से पहले हुई थी, और इसलिए, उसके लिए योग्य रजत पदक छीन लिया जाना तर्क और खेल भावना से परे है। विनेश को उसके निर्धारित स्वर्ण पदक मुकाबले की सुबह प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया क्योंकि पहलवान का वजन 100 ग्राम अधिक था। सीएएस ने एक बैठक में पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 50 किग्रा प्रतियोगिता में संयुक्त रजत पदक से सम्मानित करने के लिए पहलवान की अपील पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। उनकी अपील का प्रतिनिधित्व सीएएस तदर्थ प्रभाग के समक्ष प्रसिद्ध वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और विदुषपत सिंघानिया द्वारा किया जाएगा। तेंदुलकर ने बयान में कहा, यह समझ में आता अगर किसी एथलीट को प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवाओं के उपयोग जैसे नैतिक उल्लंघनों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता।

# काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ पर शहीदों को खाकी और खादी ने किया नमन








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवी वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शहीदों की स्मृति को लेकर पुलिस लाइन पुलिस कमिश्नरेट स्थित शहीद स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शताब्दी महोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मुख्य अतिथि अतुल गर्ग ने तिरंगे रंग के गुब्बारे उड़ाकर इसका शुभारंभ भी किया। इस मौके पर पीएसी पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की सुंदर प्रस्तुति वाद्य यंत्रों के माध्यम से दी गई। मुख्य अतिथि अतुल गर्ग ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीदों के कुल 27 परिजनों को स्मृति चिन्ह व प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतुल गर्ग सांसद गाजियाबाद और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने शहीदों की स्मृति में पुलिस लाइन में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस मौके पर पुलिस मॉडर्न स्कूल पुलिस लाइन के छात्र-छात्राओं द्वारा शहीदों की स्मृति में प्रभात फेरी भी निकल गई। इस अवसर पर शहीदों की स्मृति के मौके पर संबोधन करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि देश को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्र हित में सभी को कार्य करने चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, डीसीपी पुलिस लाइन व ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, एसीपी सलोनी अग्रवाल, एसीपी प्रियाश्री पाल, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी रविंदर वर्मा, एसीपी सलोनी अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# तिरंगा यात्रा रोकने से गुस्साएं भाकियू कार्यकर्ता

## दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लगाया जाम, पुलिस फोर्स तैनात




**मोदीनगर करंट क्राइम।** भाकियू की तिरंगा यात्रा रोके जाने से क्षुब्ध भाकियू कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की दोपहर करीब 11 बजे दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगाकर जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि जिलाध्यक्ष को तुरंत रिहा किया जाए। इसके अतिरिक्त दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भोजपुर टोल के निकट भी किसानों को रोक दिया गया। इस दौरान किसानों व पुलिस के बीच झड़प भी हुई। भाकियू द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा के आह्वान के चलते पुलिस प्रशासन ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के भाकियू नेताओं को उनके घर में नजरबंद कर लिया। इस दौरान आक्रोशित भाकियू नेताओं ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर जाम भी लगा दिया। बता दें कि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चैधरी राकेश टिकैत ने किसानों से अपने क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालने का आह्वान किया था। इसी के चलते पुलिस प्रशासन ने नगर अध्यक्ष पप्पी नेहरा, एनसीआर उपाध्यक्ष सतेंद्र त्यागी व अन्य कई नेताओं को उनके घरों पर अपरांह से ही नजरबंद कर दिया। पप्पी नेहरा के मुताबिक, अर्द्धरात्री में ही पुलिस ने उन्हीं के आवास पर नजरबंद कर दिया। उधर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भी जाम लगा दिया। भाकियू के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह को नजर बंद करने से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली-मेरठ मार्ग को जाम कर दिया। जाम की वजह से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर किसान जाम लगाकर हंगामा किया, उधर, भारतीय किसान यूनियन के दिल्ली एनसीआर उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी को उनके निवास स्थान निवाड़ी घर पर ही सुबह पुलिस ने उनको नजरबंद किया।

# प्रॉपर्टी डीलर की सांप के काटने से मौत



**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की जीतपुर कॉलोनी में सांप के काटने से प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिला मेरठ के मवाना के गांव नगला गुसाई निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ किराए के मकान में नगर की जीतपुर कॉलोनी में रहते थे। वह प्रॉपर्टी डीलिंग करके परिवार का लालन पालन कर रहे थे। तीन दिन पहले विकास कुमार को बेड में सोते समय सांप ने काट लिया था। परिजनों ने पहले उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालात गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर कर दिया गया था। गाजियाबाद से भी उन्हें दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को उनकी दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। विकास की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सावन का चौथा सोमवार है बेहद खासः महंत नारायण गिरी

## चौथे सोमवार को बन रहे शुभ संयोग के चलते भगवान शिव के साथ मां लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होगी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, हिंदू यूनाइटिड फ्रंट अध्यक्ष व श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय संस्थान के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि ने कहा कि सावन मास का चौथा बहुत खास होगा। इस सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से मां लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होगी और धन-धान्य की वर्षा होगी। उन्होंने कहा कि सावन के चौथे सोमवार को कई शुभ संयोग बन रहे हैं और इन शुभ संयोग के चलते ही यह सोमवार और अधिक खास हो गया है। 12 अगस्त को चौथे सोमवार को संबह 7.55 तक सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। उसके बाद से सावन शुक्ल अष्टमी तिथि प्रारंभ हो जाएगी। सप्तमी तिथि के अधिपति देव भगवान चित्रभानु माने गए हैं। इस तिथि में सूर्य देव की पूजा करना बहुत ही शुभ रहता है। सावन के चौथे सोमवार को प्रातः से शाम 4 बजकर 26 मिनट तक शुक्ल योग है और उसके बाद से ब्रह्म योग लगेगा। साथ ही सुबह 8.33 तक पर स्वाति नक्षत्र भी रहेगा। ऐसे शुभ संयोग में भगवान शिव की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक करने से भगवान शिव व माता पार्वती प्रसन्न होंगे और भक्तों के कष्ट दूर कर उनकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करेंगे। सावन के चौथे सोमवार को शुभ संयोग के चलते ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04.23 से पूरे दिन कभी भी भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा सकता है। महंत नारायण गिरी ने बताया कि शुक्ल योग में पूजा से धन, ऐश्वर्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है व ब्रह्म योग में पूजा से ज्ञान की प्राप्ति होती है। शुक्ल योग में रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव के साथ माता लक्ष्मी की कृपा भी मिलती है और जीवन में धन-धान्य, ऐश्वर्य व समृद्धि की कमी नहीं रहती है। चौथे सोमवार पर बन रहे इन शुभ संयोग के चलते सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में देश के कई शहरों से हजारों भक्त पूजा-अर्चना के लिए आएंगे।




## भगतो का झुंड और दावेदारी वाला हवन कुंड समझे आप ये क्या करेगें

चुनाव शहर में होना है और दावेदारी का फसाना कतई कैराना स्टाईल में चल रहा है। कैराना चुनाव जिन्हे याद होगा उन्हे पता होगा कि वहां चुनाव प्रभारी से लेकर उम्मीदवार तक गाजियाबाद से गये थे। कमाल तो ये था कि वहां के लोगो से यहां की रहने वाली उम्मीदवार के लिये वोट मांगने भी यहां वाले भाजपाई गये थे। चुनाव नतीजा आते ही किसी ने फेसबुक पर लिखा था कि लो जी इन विधायक को तो मिल गया बर्थडे गिफ्ट। दावेदारी उम्मीदवारी में तब्दील होगी ये मिस्ट्री है लेकिन स्टाईल सारे कैराना वाले हैं। कैराना स्टाइल में वो चुनावी हसरत मन में लेकर आयोजक प्रायोजक सब नदिया पार से लेकर आये हैं। उम्मीद भोले बाबा से भी है और मंदिर वाले महंत से भी हैं क्योंकि वो बाबा के नजदीक हैं। बहरहाल भगतो का झुंड भी आ लिया है और दावेदारी वाला हवन कुंड भी आ गया है। समझने वाले समझ ही गये है कि वो क्या करेगें और शहर वाले पूछ रहे हैं कि अगर उधर वाले भी इधर आकर चुनाव लड़ेगें तो फिर हम क्या करेगें

## लिपिक ने कह दिया था मेयर साहब मैं नही दिखाऊंगा आपको पत्रावली

नगर निगम की तकरार आखिरकार बाहर आ ही गई। साहब और मैडम दोनो ही सीक्रेट एक्ट को लेकर आमने सामने आ गये। बात महानगर वालो की हो रही थी और वार्ड के गली मौहल्ले वाले भी लपेटे में आ गये। पुराना रिकार्ड बता रहा है कि इन्हे तो खुद साहब ने कहा है वर्ना यहां तो रिकार्ड ये रहा है कि बाबू ने मेयर को पत्रावली दिखाने से इंकार कर दिया। कहने वाले ने कहा कि टैक्नीकली तो साहब ठीक हैं क्योंकि उन्होने निर्देश ही अपने अधीनस्थों को दिये हैं और एज पर रूल वो ऐसा कर सकते हैं। अपने पत्र में ही उन्होने किसी नाम का जिक्र ही नही किया है। निगम के पुराने बाबू ने बताया कि पार्किंग लिपिक चौब सिंह ने तो साफ तत्कालीन मेयर तेलूराम काम्बोज के कक्ष में खड़े होकर कह दिया था कि पत्रावली मेरे पास है और जब तक साहब का आदेश नही होगा मैं आप को पत्रावली नही दिखा सकता। गुस्से में आकर मेयर साहब ने लैटर लिखा था और मामला मडंलआयुक्त के पास पहुंचा था। बाद में सब सैटल हो गया था और उधर से भी यही जवाब आया था कि मेयर साहब कुछ चाहिये तो आप किसी बाबू या अधिकारी को डायरेक्ट आदेश ना देकर नगरआयुक्त से अनुरोध कर लें

## किस बात पर बोले वो फुला कर छाती हां हम हैं भीतरघाती

भगवा गढ़ में इन दिनो एक लिस्ट का जिक्र छिड़ गया है और लिस्ट के नामों को लेकर जुबानी जंग छिड़ने के पूरे आसार हो गये हैं। वफादारों का खेमा चाहता है कि उन पर नजरे इनायत हो या ना हों लेकिन बागियों और भीतरघातियों पर बिल्कुल भी ना हो। जब कोई कहता है कि लिस्ट में किंग सिटी वाले ब्राहम्ण चेहरे का नाम हैं तो उनके ही मौहल्ले वाले ब्राहम्ण चेहरे के सीने पर सांप लोट जाते हैं। कम वो बागी भी नही जिन्होने कमबैक किया है। उनका कहना है कि वोट लेकर ताकत दिखाई है और खुद को साबित किया है। इतने ही बुरे और बेकार थे तो क्यों ले लिया हमें वापिस फूल दल में। बात चली और कहने वाले ने कहा कि लिस्ट तो आऊट होनी चाहिये जिन्होने चुनाव में भीतरघात किया। भीतरघात तो भीतरघात है चाहे वो निगम चुनाव में हो या लोकसभा चुनाव में। यह बात सुनते ही वो अपनी छाती फुलाकर बोलो हां हम हैं भीतरघाती और जाकर उन्हे बता दों जिन्हे लग रहा हो कि वो अपनी रिपोर्ट से हमारा कुछ उखाड़ लेगें।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में कृषि यन्त्रों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद कलैक्ट्रेट स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष इन सीटू योजना अन्तर्गत पोर्टल पर कृषकों द्वारा पंजीकृत कृषि यन्त्रों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। ई-लाटरी के माध्यम से सुपर सीडर एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु कृषकों द्वारा ऑनलाइन बुकिंग जनपद को प्राप्त लक्ष्यों से अधिक थी। जिस कारण ई-लाटरी की व्यवस्था द्वारा कृषकों का चयन किया गया। जनपद को सुपर सीडर के 03 कृषि यन्त्रों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 10 कृषकों द्वारा ऑनलाइन बुकिंग की गयी है। जिसमें सुपर सीडर हेतु ई-लाटरी के द्वारा विकास खण्ड भोजपुर से संतोष कुमार, विकास खण्ड लोनी कुलवीर सिंह तथा विकास खण्ड मुरादनगर से सुरेश पाल का चयन हुआ है। जनपद को कस्टम हायरिंग सेन्टर के 03 कृषि यन्त्रों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 14 कृषकों द्वारा ऑनलाइन बुकिंग की गयी है। जिसमें कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु ई-लाटरी के द्वारा विकास खण्ड भोजपुर से अबरार अहमद, विकास खण्ड लोनी से श्री अजीत सिंह तथा विकास खण्ड मुरादनगर से कमलेश का चयन हुआ है।

उक्त ई-लाटरी के समय जिलाधिकारी द्वारा समिति के सदस्य उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक केनरा बैंक प्रगतशील कृषक गुफरान, सुधीर नेहरा एवं सन्नी चौधरी, सी०ई०ओ० मुरादनगर फूट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड (एफ०पी०ओ०) आदि उपस्थित रहे।


# भारतीय कुश्ती संघ पर उठायें सवाल

**मोदीनगर करंट क्राइम।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को 100 ग्राम ओवर वेट दिखाकर अयोग्य घोषित करने पर ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि जब विनेश क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल में खेली तो क्या उस समय वेट चेक नहीं किया गया था, और यदि बिना वेट चेक किए ही विनेश को क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल खिला दिया गया तो मैं मानता हूँ कि पूरी ओलंपिक कमेटी भ्रष्ट है और यदि क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल तक सब चीजे सही थी। इसके बाद क्यों हमारे देश की बेटी को सिल्वर मेडल नहीं दिया गया। ब्रजवीर दहिया ने भारतीय कुश्ती संघ से सवाल किया है, कि क्यों विनेश फोगाट के साथ-साथ करोड़ों देशवासियों के साथ ये अन्याय होने दिया। अरे कितने वर्षों बाद देश की बेटी इतिहास रचने जा रही थी। लेकिन उनको अयोग्य घोषित कर दिया गया, और हमारे देश का पूरा कुश्ती संघ देखता रहा। दहिया ने कहा कि मैं भारत सरकार से अपील करता हूं, कि इस मामले को लेकर तुरंत हस्तक्षेप करें। और यदि फिर भी बात ना माने जाए। तो इस पेरिस ओलंपिक का बहिष्कार करें, ताकि देश की बेटी को न्याय मिल सके।




## क्या आज रवाना हो जाएंगे 103 टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आज का दिन महत्वपूर्ण रह सकता है। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से 103 टू- स्टारों की रवानगी के आदेश हुए थे। जिसमें आज यानी 10 अगस्त की डेट फिक्स की गई थी। अब आज देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम से 103 में से कौन-कौन टू-स्टार रवाना होगा और कौन-कौन अभी वेटिंग में रहेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कुछ समीकरण भी बदलेंगे या मामला ऐसे ही चलेगा। बताया जा रहा है कि इन 103 टू-स्टारों में वह चेहरे हैं जो अधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर वर्तमान में तैनात नहीं हैं। वहीं उन टू-स्टारों की भी धड़कने बढ़ी हुई है जो यहां पर शेष बचे हैं। वैसे 103 टू-स्टारों के आदेश आने के बाद कईयों की टेंशन बढ़ी हुई बताई जा रही हैं। वहीं जो वर्तमान में किसी चौकी और थाने के साथ ही खास प्लेस पर तैनात हैं उसको अभी थोड़ी राहत मिली बताई गई है। वहीं सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि जो अभी रोके गए हैं, वह यहां तिरंगा लहरा कर ही जाएंगे ऐसा भी बताया जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सबसे ज्यादा टेंशन उन टू-स्टार की है जिन पर वर्तमान में अलग-अलग जोन के अंतर्गत थानों का प्रभार है। वहीं जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बराबर वाले कमिश्नरेट और जोन वाले प्रमुख शहर में रवानगी की जानी है उनको भी इंतजार बना हुआ है। इसके बाद वहां के भी समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है। सुनने में आया है कि 103 टू-स्टारों के रवाना होने के बाद बचे हुए 60 टू-स्टार भी जल्द रवाना किए जाएंगे। उनकी लिस्ट भी जल्द आएगी। वहीं बाहर से आने वाले किन टू-स्टारों पर अधिकारी किस जोन के लिए भरोसा जताते हैं यह भी देखा जाना महत्वपूर्ण रहेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र कह रहे हैं कि बचे हुए 60 टू-स्टार की रवानगी का असर कई जोन की पुलिसिंग और अन्य व्यवस्थाओं पर भी देखने को मिलेगा। देखना होगा कि बचे हुए 60 टू-स्टार की रवानगी कब और कैसे होती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में तीनों ही जोन के लिए 15 अगस्त के बाद लिस्ट लोकल स्तर पर आउट होगी ऐसा डाउट किया जा रहा है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि कई डीसीपी साहब लोग बेस्ट फेस की तलाश में भी लगे हुए हैं।




# सनराइज ग्रीन सोसाइटी में महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज का पर्व





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम सनराइज ग्रीन सोसाइटी में दो दिवसीय हरियाली तीज त्यौहार का आयोजन किया गया। सावन माह में हरियाली तीज माता पार्वती और भगवान शिव के मिलन और सभी जगह हरियाली ही हरियाली का प्रतीक होता है। सभी निवासियों ने हरियाली तीज सम्पूर्ण भक्ति और उत्साह और सौहार्द के साथ सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए मनाई। पहले दिन सोसाइटी में मेंहदी प्रतियोगिता, तंबोला और सोसाइटी के निवासियों द्वारा स्वंम निर्मित खाने के व्यंजनों की स्टॉल और परिधान ज्वैलरी की स्टॉल लगाई गई। दूसरे दिन बच्चों और महिलाओं ने ग्रुप डांस, महिलाओं द्वारा रैंप वॉक किया गया। उसके बाद लकी ड्रॉ द्वारा तीज क्वीन, रैंप वॉक विनर और मेंहदी विनर को पुरस्कृत किया गया। हरियाली के रंग रंगी नजर आई और समाज में एकता, अखंडता प्रेम पूर्ण भाव का संदेश दिया। आरडब्ल्यूए के सौजन्य एवं सहयोग से कल्चरल तीज कमेटी ने किया जिसमें श्रुति लाल, प्रीती त्यागी, लता गुप्ता, छाया, निशी, इंदू त्यागी ने मुख्यतः भूमिका निभाई। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित चौधरी उपाध्यक्ष डॉ प्रियंका सिन्हा ने आज के आयोजन में भाग लेने के लिए समस्त सोसाइटी वासियों को आभार व्यक्त किया।

# महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर 9 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय गाज़ियाबाद पर 9 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया और एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी एवं कांग्रेस कार्यकताओं की एक विचारों से संबंधित बैठक हुई। अध्यक्ष विजय चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि 9 अगस्त को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया था। भारत को आजाद कराने में हमारे देश के हजारों शहीदों को योगदान है जिन्होंने अपने प्राण देकर देश को अंग्रेजों से आजाद कराया। इस पर्व को हम स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को सम्मान देकर मनाते हैं। 9 अगस्त क्रांति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को शाल एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पूर्व मंत्री दीपा कौल, पूर्व मुख्यमंत्री स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बाबू बनारसी दास के सुपुत्र पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल एवं डासना गेट गाजियाबाद निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जगदीश दत्त भारद्वाज एवं स्वतंत्रता सेनानी अंगूरी देवी के पौत्र संजीव शर्मा को शाल एवं फूलमाला पहनाकर महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ सम्मानित किया।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा, पूर्व मंत्री दीपा कौल, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जे.के .गौड़, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव डॉक्टर संजीव शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान, महिला महानगर अध्यक्ष सोनल नागर, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य विजयपाल चौधरी, महानगर संगठन प्रभारी त्रिलोक सिंह, कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश चीनी, पार्षद अजय शर्मा, इस्माइल खान, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष वली हसन, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी एवं युवा प्रदेश महासचिव वसीम कुरैशी, कासिम प्रधान, महेंद्र गौतम, विक्रांत चौधरी, कपिल यादव, पवन शर्मा , अमित यादव ,अमित शर्मा कुलभूषण शर्मा सचिन यादव, कांग्रेस नेत्री सीमा शर्मा, रूबी मलिक, कशिश गुर्जर, अरविंद वर्मा, रितेश कसाना, राजकुमार शर्मा, कृष्ण गौतम, साहिल ठाकुर ,बल्लू कुरैशी, रियाज, सीताराम प्रकापति, अहमद रिजवान, धीरेंद्र पाल, मुकेश कुमार, संजीव सिरोही, रविंद्र चौधरी, दानिश सैफी, फैजल हुसैन, राशिद चौधरी ,नदीम अब्बासी ,नानक चंद, हरीश गोयल, जुबेर, नवीन ,रईस कुरैशी, इमरान आदि अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# दुकानदार को मारपीट कर किया घायल , रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में मेन रोड स्थित जिला पंचायत मार्केट में मामूली बात को लेकर दुकानदारों के बीच मारपीट हो गई। अलग अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की संतोष सिटी कॉलोनी निवासी विनय गोयल मेन बाजार में जिला पंचायत मार्केट में परचुन की दुकान करते है। उनके पास ही लियाकत भी दुकान करता है। दोनों में काफी समय से मनमुटाव चल रहा आ रहा है। दोनों के बीच कई बार मारपीट हो चुकी है। गुरुवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि लियाकत ने अपने साथियों के साथ मिलकर विनय गोयल को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

# शपथ के बाद बोले यूनुस : अल्पसंख्यकों की सुरक्षा प्राथमिकता, अंतरिम सरकार में शामिल चेहरों को जानिए

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो. मोहम्मद यूनुस ने शपथ ग्रहण लेते ही कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। पेरिस से ढाका लौटने के बाद हवाईअड्डे पर यूनुस का सेना प्रमुख वकार उज जमां, वरिष्ठ अधिकारियों और छात्र नेताओं ने स्वागत किया। शपथ ग्रहण के बाद तय किया गया कि यूनुस रक्षा, सार्वजनिक प्रशासन, शिक्षा, ऊर्जा, खाद्य, जल संसाधन और सूचना मंत्रालय सहित 27 विभाग संभालेंगे।

उन्होंने यहां मीडिया से बातचीत में कहा, उनकी सरकार का पहला काम कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाना, अव्यवस्था को नियंत्रित करना और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को रोकना होगा। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को साजिश बताया। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि देश के पुनर्निमाण में उनका साथ दें। 2006 में शांति का नोबल हासिल करने वाले यूनुस ने कहा, आज हमारे लिए गर्व का दिन है। हमने दूसरी बार आजादी हासिल की है और हमें इसे सुरक्षित रखना है। मोहम्मद यूनुस ने देश के सभी लोगों से आग्रह किया कि उनकी बात सुनें।

उन्होंने कहा कि वह अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के लिए छात्रों और युवाओं के अनुरोध पर तैयार हुए हैं। यूनुस ने कहा, यदि आपको मुझमें भरोसा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि देश के कहीं भी किसी पर भी कोई हमला नहीं होगा। यह हमारी पहली जिम्मेदारी है। यदि मैं ऐसा नहीं कर पाया और आपने मेरी बात नहीं मानी तो मेरा यहां होने का कोई मतलब नहीं है। यूनुस ने छात्र आंदोलन का अमिट चेहरा बन चुके अबू सैयद को श्रद्धांजलि दी जो आंदोलन की शुरूआत होने के बाद पुलिस की गोली का शिकार हाने वाले पहले लोगों में थे।



### शपथ ग्रहण में भारतीय उच्चायुक्त भी रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा भी मौजूद रहे। साथ ही खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी के कई नेता, समाज के अलग-अलग वर्गों के लोग और ब्रिटेन, जापान, चीन, फिलीपीन, ईरान, अर्जेंटीना, कतर, नीदरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात समेत कई देशों के राजनयिक भी मौजूद थे।

### अमेरिका ने क्या कहा

बांग्लादेश के नए अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'शपथ के बाद अंतरिम सरकार के साथ बातचीत हुई है। हमारे प्रभारी राजदूत आज उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।' मिलर ने कहा, अमेरिका एक बात स्पष्ट कर चुका है कि हम अंतरिम सरकार को बांग्लादेश के लोगों के लिए एक लोकतांत्रिक भविष्य की रूपरेखा तैयार करते देखना चाहते हैं।

# दोबारा चुनाव की मांग के बीच राष्ट्रपति मादुरो का बड़ा फैसला, 10 दिन के लिए 'एक्स' को किया ब्लॉक

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में दोबारा राष्ट्रपति चुनाव की मांग के बीच वर्तमान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के खिलाफ एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को वेनेजुएला में 10 दिनों के लिए ब्लॉक कर दिया जाएगा। मादुरो ने यह बयान एक्स के संस्थापक एलन मस्क के दोबारा चुनाव के खिलाफ प्रतिक्रिया देने के बाद दिया।

### विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजावेज ने दी चुनौती

वर्तमान में विपक्ष के उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज उनकी जीत को चुनौती दे रहे हैं। गोंजालेज और विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दावा किया था कि उन्हें 70 फीसदी से अधिक टैली शीट मिली हैं और वे गोंगालेज को मादुरो से आगे दिखाते हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो



बिडेन और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वावेनेजुएला सरकार से राष्ट्रपति चुनाव का मतदान डेटा जारी करने का आह्वान किया।

### विपक्ष ने किया मादुरो का विरोध

वेनेजुएला में परिणाम के बाद विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज के समर्थन में हजारों समर्थकों राजधानी कराकस में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालयों के बाहर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया।

### तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए मादुरो

बता दें कि निकोलस मादुरौ लगातार तीसरी बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुने गए हैं। वह 11 साल से सत्ता की बागडोर संभाल रहे हैं। हालांकि, इस बार विपक्षी नेताओं और दलों के एकजुट होने के कारण राष्ट्रपति मादुरो को पहली बार सबसे कठिन चुनावी चुनौती मिली। इस चुनाव में मादुरो के मुख्य प्रतिद्वंद्वी 74 वर्षीय एडमंडो गोंजालेज उरुतिया थे। करीब दो करोड़ पंजीकृत मतदाताओं ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया था। राष्ट्रपति चुनाव में निकोलस मादुरो को 51 प्रतिशत वोट मिले। वहीं विपक्ष के नेता एडमुंडो गोंजालेज को 44 प्रतिशत मत मिले।

इस बीच मादुरो के सहयोगी टेलीविजन पर विपक्षी नेताओं पर फासीवादी होने का आरोप लगाते दिखे। विरोध प्रदर्शन में अबतक 11 लोगों की मौत होने की भी खबर है।

# पोल सर्वेक्षण में डोनाल्ड ट्रंप से आगे निकलीं कमला हैरिस, लगातार बढ़ रही लोकप्रियता

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेट कमला हैरिस की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और राष्ट्रपति पद के लिए हुए ताजा पोल सर्वेक्षण में वह डोनाल्ड ट्रंप को पछाड़कर आगे निकल गई हैं। गुरुवार को जारी हुए पोल सर्वेक्षण में कमला हैरिस को 42 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है, वहीं डोनाल्ड ट्रंप पांच पॉइंट से पिछड़कर 37 प्रतिशत लोगों की पसंद बने हुए हैं।

### लगातार बढ़ रही कमला हैरिस की लोकप्रियता

जुलाई में हुए सर्वेक्षण में कमला हैरिस को 37 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया था। वहीं डोनाल्ड ट्रंप को 34 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला था। अब ताजा सर्वेक्षण के नतीजों से साफ है कि जैसे जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ रहा है, कमला हैरिस की बढ़त भी मजबूत हो रही है। राष्ट्रीय स्तर पर हुए ताजा सर्वेक्षण में 2045 व्यस्क शामिल हुए। यह सर्वेक्षण 2-7 अगस्त के बीच कराया गया। सर्वेक्षण में चार प्रतिशत लोगों ने निर्दलीय उम्मीदवार रॉबर्ट केनेडी जूनियर का समर्थन किया है। हालांकि जुलाई में हुए सर्वेक्षण में केनेडी जूनियर को 10 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला था।



### डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस की योग्यता पर उठाए सवाल

कमला हैरिस की बढ़ती लोकप्रियता से कहीं न कहीं डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम भी चिंतित है। यही वजह है कि ट्रंप लगातार कमला हैरिस और उनकी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं। बीते दिनों ट्रंप ने कमला हैरिस पर नस्लभेदी टिप्पणी की थी और उनके अश्वेत मूल का होने पर सवाल उठाए थे। अब ट्रंप ने कहा है कि दुनियाभर में हालात खराब हो रहे हैं और दुनिया विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रही है। ट्रंप ने कहा कि कमला हैरिस हालात को संभालने के लिए सक्षम नहीं हैं। ट्रंप ने कमला हैरिस को बाइडन से भी खराब उम्मीदवार बताया।

# न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खुलेगा भारत का महावाणिज्य दूतावास, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा आपसी रिश्ते होंगे मजबूत



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में जल्द ही भारत का महावाणिज्य दूतावास खुलेगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि महावाणिज्य दूतावास के खुलने से भारत और न्यूजीलैंड के रिश्ते मजबूत होंगे और इससे न्यूजीलैंड में रहने वाले भारतीय समुदाय को भी फायदा होगा। राष्ट्रपति मुर्मू न्यूजीलैंड दौरे पर हैं और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने यह बात कही। राष्ट्रपति ने भारतीय मूल के लोगों की उपलब्धियों की भी तारीफ की।

### राष्ट्रपति ने किया एलान

राष्ट्रपति मुर्मू का यह पहला न्यूजीलैंड दौरा है। उन्होंने कहा कि 'भारत और न्यूजीलैंड के रिश्ते बहुत गहरे और बहुआयामी हैं। भारतीय समुदाय इन रिश्तों के विकास में अहम योगदान देता है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि भारत जल्द ही ऑकलैंड में एक महावाणिज्य दूतावास खोलने जा रहा है। ऑकलैंड में रहने वाले भारतीय समुदाय की यह लंबे समय से मांग थी।' उल्लेखनीय है कि अभी ऑकलैंड में भारत का ऑनरेरी महावाणिज्य दूतावास है। साथ ही वेलिंगटन में भारतीय उच्चायोग स्थित है।

राष्ट्रपति ने कहा कि 'न्यूजीलैंड की कुल आबादी में छह फीसदी भारतीय मूल के लोग हैं। आपका न्यूजीलैंड के हर क्षेत्र में गहरा प्रभाव है। अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से भारतीय समुदाय ने देश के विकास और अर्थव्यवस्था में योगदान दिया है।' राष्ट्रपति ने आनंद सत्यानंद का उदाहरण दिया। आनंद सत्यानंद न्यूजीलैंड में एक पूर्व वकील हैं और जज हैं, जो साल 2006 से 2011 के बीच न्यूजीलैंड के 19वें गवर्नर जनरल रह चुके हैं।

### 'भारत दुनिया में लोकतंत्र का प्रतीक'

राष्ट्रपति ने गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो, प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और उप-प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया में लोकतंत्र का प्रतीक है। जल्द ही हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसी पहल हमारे नागरिकों को सशक्त बना रही हैं। जैसे-जैसे हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हम अपने प्रवासियों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना चाहते हैं। हम दुनिया भर के प्रवासियों को भारत के सपनों का देश बनाने में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि न्यूजीलैंड में सभी प्रमुख भारतीय त्योहार मनाए जाते हैं।' 2018 की जनगणना के अनुसार, न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों के 2,50,000 सदस्य हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों पर संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता, कहा- हम नस्लीय हिंसा के खिलाफ



**यूएन।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। अब संयुक्त राष्ट्र ने भी इसकी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हम नस्लीय आधार पर होने वाले हमलों, हिंसा को बढ़ावा देने के खिलाफ हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने ये बात कही।

### बांग्लादेश में निशाने पर अल्पसंख्यक

बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद भी बांग्लादेश में हिंसा नहीं रुक रही है। पहले आंदोलनकारी सरकार और आवामी लीग को निशाना बना रहे थे, अब बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक दंगाइयों के निशाने पर हैं। बांग्लादेश में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई है। सोमवार को शेख हसीना की पार्टी से जुड़े आवामी लीग के दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। सोमवार को ही लोकप्रिय संगीत बैंड जोलर गान के मुख्य सदस्य राहुल आनंद के घर पर तोड़फोड़ और आगजनी की गई। हिंसा के चलते राहुल आनंद और उनके परिजनों को अपना घर छोड़कर भागना पड़ा, जिससे उनकी जान बच पाई।

### संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा की

एंटोनियो गुटेरेस के उप-प्रवक्ता फरहान हक से गुरुवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर होने वाले हमलों पर सवाल किया गया था। इसके जवाब में फरहान हक ने कहा कि हमने पहले भी स्पष्ट किया है और हम एक बार फिर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हाल के हफ्तों में बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है, उसे खत्म किया जाए। हम किसी भी नस्लीय आधार पर होने वाले हमलों या नस्लीय आधार पर होने वाली हिंसा को बढ़ावा देने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से बांग्लादेश की सरकार और लोगों को हर उस तरह से समर्थन देने के लिए तैयार हैं, जो वे आवश्यक समझें।'

### हिंसा में अब तक 500 से ज्यादा की मौत

शेख हसीना के बीती 5 अगस्त को इस्तीफे और देश छोड़कर जाने के बाद भड़की हिंसा में कम से कम 232 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद जुलाई में शुरू हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में अब तक मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 560 हो गया है। गुरुवार को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हो गया और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया गया है। बांग्लादेश में संयुक्त राषअट्र के रेजिडेंट समन्वयक ग्विन लुईस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

# अमेरिका-कतर और मिस्र ने फिर की संघर्ष विराम वार्ता की पहल, 15 अगस्त की बातचीत के लिए इस्राइल सहमत

**वाशिंगटन।** हमास और इस्राइल बीते 10 महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी गाजा में जंग रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच खबर सामने आ रही है कि कतर, मिस्र और अमेरिकी नेताओं ने एक बार फिर इस्राइल और हमास से गाजा संघर्ष विराम समझौते पर फिर से बात करने का आह्वान किया है। इस अनुरोध पर इस्राइल बात करने के लिए सहमत हो गया है। हालांकि, हमास का अभी कोई बयान सामने नहीं आया है।

तीनों देशों ने गुरुवार को एक संयुक्त बयान में कहा, 'इस्राइल और हमास से 15 अगस्त को दोहा या काहिरा में तत्काल वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान किया ताकि प्रस्तावित गाजा युद्धविराम समझौते में शेष सभी कमियों को दूर किया जा सके और इसे बिना किसी देरी के लागू किया जा सके। यह संघर्ष विराम समझौते को पूरा करने और बंधकों तथा कैदियों को रिहा करने का समय है।' बता दें, इस्राइल 15 अगस्त को गाजा संघर्ष विराम वार्ता को फिर से शुरू करने पर सहमत हो गया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि इस्राइल गाजा शांति वार्ता के लिए एक वार्ता दल भेजेगा। हालांकि, हमास का फिलहाल कोई बयान सामने नही आया है।

हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।



### इस्राइल कर रहा बमबारी

इससे पहले, गाजा की हमास नियंत्रित नागरिक रक्षा एजेंसी ने कहा कि गुरुवार को दो स्कूलों पर इस्राइली बमबारी में 18 से अधिक लोग मारे गए। वहीं, संघर्ष विराम की बात करें तो पिछले साल नवंबर में एक सप्ताह का विराम लगाया गया था। उसके बाद अमेरिका, कतर और मिस्र के मध्यस्थों ने फिर से संघर्ष विराम लगाने के लिए कई प्रयास किए थे।

# इस्राइल पर भड़का इस्लामी संगठन, सऊदी अरब ने कहा- यूएन चार्टर का उल्लंघन है हमास प्रमुख की हत्या

**ईरान।** ईरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या से सऊदी अरब भी भड़क उठा है। उसके नेतृत्व वाले इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) ने इस जघन्य हमले के लिए इस्राइल को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराते हुए शांति सुरक्षा के लिए सुरक्षा परिषद से तत्काल प्रभावी दखल का अनुरोध किया है। जेद्दा में बैठक के बाद ओआईसी ने इस्राइली कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया।

आमतौर पर ईरान के साथ सऊदी अरब के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे हैं और वह पिछले कुछ वर्षों में इस्राइल का करीबी हो रहा था लेकिन हनिये की हत्या ने सऊदी अरब की एक बार फिर इस्राइल से दूरी बना दी है। जेद्दा में हुई बैठक के दौरान ओआईसी ने हनिये की हत्या की कड़ी निंदा करते



हुए इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन और ईरान की संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन करार दिया। ओआईसी ने कहा, तेहरान में पूर्व फलस्तीनी प्रधानमंत्री इस्माइल हनिये की हत्या के लिए वह इस्राइल को पूरी तरह जिम्मेदार मानता है। संगठन ने चेतावनी दी कि इस्राइली क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। उसने इस्राइल द्वारा लगातार किए जा रहे युद्ध अपराध, आक्रामकता और नरसंहार की निंदा की।

# बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के हमले से खौफ में हिंदू, हजारों लोग भारत में चाहते हैं प्रवेश

**ढाका।** तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथी लगातार हिंदू समुदाय को निशाना बना रहे हैं। सोमवार से शुरू हुए हमलों में अब तक सैकड़ों हत्याएं हो चुकी हैं। हमलों के डर से तमाम हिंदू परिवार सामूहिक पलायन करने को मजबूर हो गए हैं।

बांग्लादेशी समाचार पोर्टल डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार रात से पश्चिम बंगाल की सीमा से लगते बांग्लादेश के ठाकुरगांव और पंचगढ़ इलाकों में हजारों हिंदू भारत में प्रवेश करने के लिए जमा हो गए हैं। पंचगढ़ के अटवारी उपजिला के अंतर्गत अलोखावा संघ के अध्यक्ष मोजाकरुल आलम कोच्चि ने बताया कि ठाकुरगांव और पंचगढ़ के विभिन्न इलाकों में हजारों हिंदू बरशालुपारा सीमा के पास पहुंचे हैं। उनका कहना है कि हमलावरों ने उनके घर, दुकान और मंदिरों से कीमती सामान लूट लिया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि अगर वापस लौटे, तो जान से मार दिया जाएगा। मोजाकरुल ने बताया कि बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के कर्मियों के अनुरोध के बावजूद हिंदू परिवार घर लौटने को तैयार नहीं हैं, जबकि भारतीय सीमा में प्रवेश के लिए उनके पास वीजा नहीं है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सीमा पर करीब 5 हजार से ज्यादा लोग होंगे।

बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों के एक संगठन का नेतृत्व करने वाले राणा दास गुप्ता का कहना है कि हिंदुओं पर हुए हमलों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं। फिलहाल, सटीक संख्या का पता नहीं लगाया जा सकता है। लेकिन, हजारों लोग घायल और बेघर हो चुके हैं। हिंदुओं के जिन लोगों के घरों पर हमला हुआ है, उनमें से कुछ लोग सीधे तौर पर अवामी लीग की राजनीति से जुड़े थे, लेकिन ज्यादातर आम हिंदू हैं। हमलावर सिर्फ सांप्रदायिक नफरत के चलते हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। इसे सांप्रदायिक हिंसा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि हिंदू आत्मरक्षा और पलटवार की स्थिति में भी नहीं, वे तो बस एक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं।

बांग्लादेश में जारी उथल-पुथल और भारी हिंसा के बीच अपनी जान बचाने के लिए बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल से लगी बांग्लादेश सीमा पर उत्तर दिनाजपुर जिले की सीमा पर भारत में प्रवेश करने के लिए एकत्र हुई भीड़ को रोकने के लिए बीएसएफ को चेतावनी स्वरूप एक राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। बीएसएफ के उत्तर बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी अमित कुमार त्यागी ने बताया कि बुधवार को पड़ोसी देश के ठाकुरगांव जिले के 200 से अधिक ग्रामीण, जिनमें से अधिकांश शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सदस्य और हिंदू थे, सीमा पार करने के लिए जमा हुए।

इसके बाद भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग की गई। इसी तरह लगभग 600 से अधिक बांग्लादेशी उत्तर बंगाल में जलपाईगुड़ी सीमा के पास एकत्रित हुए थे और भारतीय सीमा में आने देने की गुहार लगा रहे थे। बीएसएफ ने उन्हें रोक दिया। बांग्लादेश में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अगली आवेदन तिथि एसएमएस के जरिये सूचित की जाएगी फिलहाल, वीजा कार्यालय अनिश्चितकाल तक बंद किया जाता है। यह वक्तव्य बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग के ज्यादातर कर्मचारियों के भारत लौटने के बाद आया है।



### आवामी लीग के पूर्व सांसद ने भी की घुसने की कोशिश

अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले मंगलवार रात को अवामी लीग के पूर्व सांसद कमरुल अरेफिन, उनकी पत्नी और दो बेटियों ने कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले में पेट्रापोल-बेनापोल सीमा के जरिये बिना वैध वीजा के भारत में घुसने की कोशिश की।

### घर छोड़ आए हिंदू बोले-वापस लौटे तो मारे जाएंगे

स्थानीय पत्रकार जीबन अल मामून के मुताबिक बुधवार दोपहर ठाकुरगांव के रानीसंकैल उपजिला के जगदल सीमा के पास नो-मैन्स लैंड में भी हजारों हिंदू परिवार जमा हैं, जिनमें से ज्यादातर का कहना है कि उनके पास किसी भी तरह भारत जाने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। क्योंकि, उनके घरों और दुकानों पर कट्टरपंथियों का कब्जा हो चुका है और अगर वे वापस लौटे, तो उन्हें मार डाला जाएगा।

### भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद बोले-हिंदुओं पर हमले बंद हों

संवेदनशील हालात के बीच यह भी चौंकाने वाला है कि अमेरिकी सरकार जहां कट्टरपंथियों के साथ काम करने को आतुर नजर आ रही है। वहीं, भारतीय मूल के सांसद हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जता रहे हैं। सांसद रो खन्ना ने कहा, बांग्लादेशी छात्रों को प्रधानमंत्री हसीना के खिलाफ मानवाधिकारों की चिंता थी। हिंदुओं को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा गलत है। कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, बांग्लादेश में फैली हिंसा में जिस तरह हिंदू अल्पसंख्यकों, उनके घरों, व्यवसायों और मंदिरों को क्रूर तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, वह निंदनीय है। इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।




# अपने ही धन को लेने को ब्रिटिश सरकार ने दिया लूट का नामः कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

## हमें आजादी दिलाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने दी हैं अनेकों कुर्बानियांः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला प्रशासन गाजियाबाद एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा "काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव" का आयोजन सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में किया गया। इस आयोजन में कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी, गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा बैंड-बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के आयोजनकताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री एवं जिलाधिकारी सहित अन्य मंचासीन अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

### अपने ही धन को लेने को ब्रिटिश सरकार ने दिया लूट का नामः कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में व्यापारी बनकर आये ब्रिटिश ने अपनी कुटनीति से भारतवासियों पर राज किया और उन पर जुल्म किए। जिसका स्वतंत्रता सेनाओं ने विरोध किया और अपने देश के खजाने को 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के माध्यम से विदेश जाने से रोक दिया। हमें गर्व है उन स्वतंत्रता सेनानियों पर जिन्होने अपने देश के खजाने को विदेश जाने से रोका। ब्रिटिश सरकार के मनमाने नियमों ने उन्हें लूट सहित अन्य मामलों में कारागार में डाल दिया और फांसी दे दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार धीरे-धीरे उनके बनाये कानून, नियमों को खत्म करती जा रही है, जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। इसी के साथ अन्य वीरों को याद करते हुए माननीय मुख्य अतिथि द्वारा जय हिन्द, जय हिन्द, जय हिन्द कहते हुए अपने उद्बोधन को विराम दिया।

### 11 टीमों ने बैण्ड प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया

**करंट क्राइम।** "काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव" के मद्देनजर जनपद में अलग-अलग स्थानों पर पेंटिंग, लेखन, चित्रकला, निबंध, बैण्ड वादन सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके क्रम में सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में बैण्ड वादन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 11 विद्यालयों की बैण्ड वादन टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय, श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल, चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज अंबेडकर रोड, डीएवी साहिबाबाद, डीएलएफ पब्लिक स्कूल साहिबाबाद, प्राथमिक विद्यालय मोरटी, प्राथमिक विद्यालय भीकनपुर व प्राथमिक विद्यालय अजबपुर मुंगावली द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय, द्वितीय श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज व तृतीय स्थान पर सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल विजेता रहे। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय मोरटी, प्राथमिक विद्यालय भीकनपुर व प्राथमिक विद्यालय अजबपुर मुंगावली को भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा शेष सभी टीमो को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। आयोजनकताओं द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वालों को क्रमशः रुपए 10,000, 7,500, 5000 व सांत्वना पुरस्कर के रूप में प्रति टीम को 1000 रुपए और सभी प्रतिभागी टीमों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जायेगा।

### जिलाधिकारी ने सुनाई 'काकोरी ट्रेन एक्शन' की गाथा



करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने सम्बोधन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि हम वर्तमान समय में जो आजादी की सांस ले रहे हैं यह हमें यूं ही नहीं मिल गई हैं। इसके लिए हमारे देश के देश भक्त वीर जवानों ने अपने परिवारजनों की चिंता ना करते हुए अपनी जान-जवानी न्यौछावर की है। हमारे देश की उन्ही स्वतंत्रता सेनानियों के वीर पराक्रम की गाथा है 'काकोरी ट्रेन एक्शन'। इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के पास युद्ध लड़ने के लिए हथियारों की कमी थी, जिसके लिए क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में ब्रिटिश सरकार के खजाने को ट्रेन में लूटने की योजना बनाई गयी। इसी के मद्देनजर आज से सौ वर्ष पूर्व 09 अगस्त 1925 को 'काकोरी ट्रेन एक्शन' को अंजाम दिया गया। जिसके कुछ महीनो बाद ब्रिटिश सरकार द्वारा इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ इनकी संस्था 'हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन' के 40 क्रांतिकारियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जिसमें राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी को उत्तर प्रदेश की तीन अलग-अलग जेलों में 1927 में फांसी दी गई और शेष क्रांतिकारियों को काला पानी, उम्र कैद, 10 वर्ष सहित अन्य सजा दी गयी। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि पूर्व में इस घटना को काकोरी कांड या काकोरी षडयंत्र के रूप में जाना जाता था। प्रदेश सरकार द्वारा 09 अगस्त 2021 में इस शौर्य गाथा को 'काकोरी ट्रेन एक्शन' नाम दिया गया। प्रदेश सरकार के आदेशों के क्रम में 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के कार्यक्रम पूरे वर्ष तक चलेंगे। इन कार्यक्रमों से जनता में स्वतंत्रता सेनानियों/देश भक्त वीरों एवं उनके द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद रखेंगे और सभी देशवासियों कि मन में अत्यधिक देश प्रेम की भावना जागृत होगी।

### इनकी रही कार्यक्रम में उपस्थिति

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल चीफ वार्डन ललित जायसवाल, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, बीएसए ओ0पी यादव, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, डीआईओ योगेन्द्र प्रताप सिंह, डीआईओएस धमेन्द्र कुमार, एडीआईओएस सतीश पाण्डेय, प्रवीन जैनर एनसीसी अधिकारी, रूचि त्यागी, डॉ.माला कपूर, नवन जैन, मंगला वैद्यय सहित अन्य अधिकारी/अध्यापक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ.पूनम शर्मा द्वारा किया गया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं साफ और सीधी? सिर्फ भगवा कमांडर और उनके पहलवान दोस्त ही नहीं है दोस्ती की मिसाल? यहां पर अब मैदान में आ गई हैं रनीता और उदिता दीदी? सुना है इन दिनों दोनों की पक्की वाली दोस्ती की चर्चाएं हों रहीं है आम? एक दूसरे की सलाह के बगैर नहीं कर रहीं है कोई भी भगवाईन काम? इन दोनों की भी दोस्ती छूएगी गाजियाबाद में कोई बड़ा मुकाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व वाली ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के हसबैंड के पास है कुछ ऐसे सबूत? अगर उन्होंने रख दी खुलकर बात तो फिर डगमगा जायेगा अच्छे खासे चेहरों का वजूद? उनके पास एक बड़े रैकेट की गतिविधियों की है सारी जानकारी? जब तक वो खामोश हैं तब तक ठीक है मगर जब खोलेंगे जुबान तो पड़ जायेगा मामला भारी? राजनीति से लेकर हिल जायेगा पुलिस प्रशासन? देखना अब ये है कि कब सोशल मीडिया पर आकर इस मामले में देने वाले हैं वो अपना क्रान्तिकारी भाषण?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? भले ही वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब से मिलकर कार्यकारिणी चुनाव की पिच पर फ्रंटफुट पर खेलने वाले भगवा दावेदारों ने रख दी अपने मन की बात? मगर अब यहां पर वो भी चेहरे टारगेट पर हैं? जो इनके प्रस्तावक बने थे साहब? सुना है मैडम भारद्वाज और मिस्टर संजय के प्रस्तावक की, की जा रही है खोज? मैडम भारद्वाज के प्रस्तावक की जानकारी लग गई है ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को? नाम वो कभी भी कर सकती हैं एक्सपोज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गोयल साहब जो लड़ रहे हैं प्राधिकरण के खिलाफ लड़ाई? इस लड़ाई में हमें भगवा एकजुटता पूरी शिद्दत से दे रही है दिखाई? हमने देखा हाल ही में उन्होंने की थी जब वीसी से मुलाकात? तब उनकी आवाज को बुलंद करने के लिए बुलंद आवाज वाले त्यागी जी, मुद्दों को उठाने वाले वर्मा जी, भाषण से माहौल बनाने वाले मोहन जी भी थे उनके साथ? इस ताकतवर मुलाकात के क्या आयेंगे संदेश? इस बात का इंतजार कर रहे हैं भगवागढ़ के कई फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये मत समझो कि जनरली साहब का धीमा हो गया है गाजियाबाद में सक्रियता का किरदार? हमें पता चला है कि आने वाले दो दिन वो गाजियाबाद में ही नजर आने वाले हैं? उनके कार्यक्रमों की लिस्ट हो गई है तैयार? उनका दो दिन का शैड्यूल बताया जा रहा है काफी धुआंधार? भले ही साहब रिपीट ना हुए हों? मगर उनके समर्थकों के दिल में आज भी ऊबाल मारता है उनका प्यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक जाट नेता अब बदलने जा रहे हैं अपनी राजनीति का किरदार? अब वो ना किसी टिकट पर फोकस करेंगे, ना करवायेंगे अपने नाम पर किसी सरकारी व्यवस्था पर विचार? उन्होंने बढ़ती हुई जनसंख्या के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का बना लिया है पूरा प्लान? कभी भी जारी हो सकता है उनका इस सम्बन्ध में प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आज भी भगवा गोयल साहब का जनरली साहब के प्रति पहले जैसा ही है प्यार? उनका कोई समर्थक हमारे खास चेहरे से कर रहा था इस बात की जिक्र? कह रहा था कि गोयल साहब के दिल में है आज भी साहब को लेकर पहले जैसी फिक्र? वो आज भी साहब की बातों का करते हैं प्रचार? आज भी बिना किसी उम्मीद के वो हर किसी के समक्ष प्रस्तुत करते हैं साहब के विकास कार्यों के विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ तो है रूद्र सा प्रताप दिखाने वाले भगवा त्यागी जी में बात? जब भी वो जाते हैं पार्टी कार्यालय पर तब भगवा कमांडर का चेहरा उन्हें देखकर खिल खिला जाता है साहब? त्यागी जी के कार्यालय जाने के बाद माहौल में आ जाती है रौनक? देखना अब ये है कि मैंगो मैन का मिस्टर कमांडर कितना रखेंगे ध्यान? जब से आयें हैं मिस्टर त्यागी भगवा कमांडर के सानिध्य में? तब से वो भी राजनीति में नहीं लेते हैं किसी और का नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो छिड़ी हुई है नगर निगम में रार? उसने ला दी है नदिया पार के एक सिंह मैम्बर के चेहरे पर बहार? वो बैठे थे अपने समर्थकों के बीच? कह रहे थे जो भी कुछ चल रहा है नगर निगम में, उसे देखकर हमें तो बहुत ही मजा आ रहा है यार? वो कह रहे हैं इस पूरे मामले की होनी चाहिए किसी बड़ी संस्था से जांच? कौन गलत है और कौन सही है, ये बात हो जानी चाहिए साफ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब के समर्थकों की है एक बड़ी चाहत? वो चाहते हैं कि ठाकुर साहब शहर सीट से बन जायें विधायक? जब भी वो करते हैं उनके सामने इस तरीके की बात? तब उनके अरमान बह जाते हैं साहब? ठाकुर साहब दे देते हैं इन सबको साफ और स्पष्ट संदेश? कहते हैं कि हमारा फोकस पार्टी को मजबूत करने पर है, पार्टी ने ही मजबूत किया है आज तक हमारा फेस? चुनाव लड़ने पर नहीं है हमारा ध्यान? संगठन को मजबूत करना है हमारा काम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बुलंदशहर में काकोरी ट्रेन शहीदों को किया नमन

## कहा : शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता




**बुलंदशहर, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को बुलंदशहर जिले का भ्रमण किया। यहां उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने तिरंगे रंग के सौ गुब्बारे उड़ा कर किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। साथ ही उन्होंने इस दौरान एक लघु कथा आधारित फिल्म भी देखी। इस मौके पर राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन व शहीदों के परिवारजनों को नमन करते हुए सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति से पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### काकोरी जैसे कांड के शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता : नरेंद्र कश्यप




करंट क्राइम। शुक्रवार को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप बुलंदशहर में आयोजित काकोरी कांड के कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि काकोरी कांड जैसे हादसों के शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने इस दौरान शहीदों को नमन किया और कहा कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे कर चुका है। इसके बावजूद आज भी हमें अपने शहीदों का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना आजादी के समय किया जाता था।

### रक्तदान शिविर और पौधारोपण कार्यक्रम में भी लिया भाग



करंट क्राइम। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने सिकंदराबाद नवादा फायरिंग रेंज कोला में शहीद स्मृति वाटिका में पौधारोपण किया और जिला अस्पताल बुलंदशहर में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, जिलाधिकारी बुलंदशहर सहित शहर के प्रमुख गणमान्य नेता और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में शिव महापुराण कथा शुक्रवार से शुरू हुई। इस कथा के मुख्य जजमान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा हैं। शुभारंभ के पलों को संजीव शर्मा ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। आस्था श्रद्धा भक्ति भाव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# जीडीए के अपर सचिव ने किया प्रवर्तन जोन का निरीक्षण

## 18 बीघा जमीन पर अनाधिकृत रूप से काटी जा रही अवैध कालोनी में की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने गाजियाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत उ0 प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के आदेश दिये गये हैं। शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-1 के प्रभारी/अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा जोन का निरीक्षण अपनी टीम के साथ किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम मोरटा के खसरा संख्या 1157, 1160, 1161 में लगभग 18 बीघा जमीन पर नितिन चौधरी द्वारा अनाधिकृत रूप से काटी जा रही अवैध कालोनी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृति कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुये यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः न होने पाये।

प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियाँ जारी रहेंगी। तदक्रम में निर्माणकताओं/विकासकताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/ विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।

### चिन्टू जी







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।